हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 42 ● कटनी ● गुरुवार, 16 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### राष्ट्रपति आज केरल के दौरे पर पहुंचेंगी

**कोच्चि, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को अपराह्न विशेष विमान से एक बजकर 40 मिनट पर केरल के कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू 16 मार्च से 21 मार्च तक केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप के दौरे पर हैं। श्रीमती मुर्मू आज दोपहर देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत जाएंगी और कोच्चि में आईएनएस द्रोणाचार्य को प्रेसिडेंट्स कलर प्रदान करेंगी और भारतीय नौसेना के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आईएनएस गरुड़ जाएंगी।

### न्यूजीलैंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किए

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने में भूकंप की तीव्रता 7.0 मापी गयी। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। सीईएनसी ने कहा कि भूकंप का केंद्र 30.2 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 176.05 डिग्री पश्चिम देशांतर पर तथा सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक किसी के हताहत की कोई सूचना नहीं है।

# लोकसभा और राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी। संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में गुरुवार को भी जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। बीजेपी राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए बयान को लेकर कांग्रेस को घेर रही है, जबकि विपक्षी दल अदाणी के मुद्दे पर जेपीसी की मांग को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे।**



### संसद सत्र में शामिल होंगे राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लंदन से लौट चुके हैं। राहुल गांधी आज संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि राहुल लंदन में दिए अपने बयान को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर सकते हैं।

### राहुल गांधी ने लंदन में झूठ बोला- रिजिजू

रिजिजू ने आगे कहा कि कोई अगर देश को गाली देगा तो ये देश उसको कभी माफ नहीं करेगा। देश के लोगों ने अगर कांग्रेस को नकार दिया है तो यह हमारी गलती नहीं है। दो बातें मैं बहुत ही स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं- राहुल गांधी ने लंदन में जाकर झूठ बोला। संसद में जितना समय उन्हें दिया गया था उस से अधिक उन्होंने बोला। सदन के नियमों को तार-तार कर झूठ बोला। दूसरा- उन्होंने बोला कि वो देश में जाकर अपनी बात नहीं कह सकते हैं, रोक दिया जाता है, लेकिन आप सबने देखा कि उन्होंने यात्रा की और बोलते रहे।

### किरेन रिजिजू का हमला

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस को मुश्किलें होती हैं, तो हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन अगर वह देश को बदनाम करते हैं तो इस देश का नागरिक होने के नाते हम चुप नहीं रहेंगे।

### बीजेपी सांसदों ने की राहुल गांधी से माफी की मांग

बीजेपी सांसद राहुल गांधी के बयान को लेकर उनसे लगातार माफी की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विशेष समिति बनाकर एक सांसद के रूप में राहुल के आचरण की जांच की मांग की है। वहीं, केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल लोकतंत्र खत्म होने की बात कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि उनके कारण कांग्रेस खत्म हो रही है।

### संसद में तीसरे दिन भी हंगामा

संसद की कार्यवाही के तीसरे दिन भी कांग्रेस अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर जेपीसी की मांग को लेकर हमलावर रही। इसके चलते तीसरे दिन भी संसद की कार्यवाही नहीं चल पाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के सांसदों को शांत रहने और सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अपील की। बिरला ने प्लेकार्ड लेकर हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्लेकार्ड और नारेबाजी की अनुमति सदन में नहीं दी जा सकती, लेकिन उनकी अपील बेअसर रही।

## » न्यूज गैलरी

### जी-20 बैठक से पहले आरबीआई की ओर से होंगे डोमेस्टिक इवेंट

■ उदयपुर, एजेंसी।



राजस्थान के उदयपुर में आगामी 21 से 23 मार्च तक होने वाली जी-20 वित्तीय कार्य समूह की बैठक से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक जयपुर की ओर से विभिन्न जन भागीदारी गतिविधियों एवं डोमेस्टिक इवेंट का आयोजन होगा। एसबीआई के अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश जैन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च को महिला केंद्रित कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम एवं एमएसएमई उद्यमी के साथ टाउन हॉल बैठक, 18 मार्च को हरित वित्त पर बैंक एवं एनबीएफसी के लिए सम्मेलन-द वे फॉरवर्ड एवं डिजिटल बैंकिंग पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, 19 मार्च को जी-20 वित्तीय साक्षरता पर वॉकेथोन एवं 20 मार्च को जी-20 साइड इवेंट-माइक्रोफाइनेंस के माध्यम से सतत विकास लक्ष्य वित्तपोषण में अंतर को पाटने पर पैनल चर्चा एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के विदेशी मुद्रा विभाग की ओर से फ़ॉरेक्स फॉर यू कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त आमजन के लिए 15 से 23 मार्च तक उदयपुर शहर की सभी मुद्रा तिजोरी शाखाओं में कॉइन एवं नोट एक्सेंज मेला आयोजित किया जा रहा है, इस मेले में शहरवासी अपने कटे-फटे एवं पुराने नोट बदलवा सकते हैं।

### फ्रेंच वीजा धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड भारत से फरार : सीबीआई

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



अपने माता-पिता समेत सैकड़ों लोगों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वीजा जारी कर बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम देने वाला फ्रेंच दूतावास का एक पूर्व कर्मचारी भारत से फरार हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआइ ने फ्रेंच दूतावास से मिली एक शिकायत के आधार पर इस मामले में शुभम शौकीन और एक अन्य पूर्व कर्मचारी आरती मंडल पर मामला दर्ज किया था। ऐसा आरोप है कि शौकीन ने एक जनवरी 2022 से छह मई 2022 तक दूतावास के वीजा विभाग के प्रमुख की स्वीकृति और जानकारी के बिना प्रत्येक आवेदन पर कथित तौर पर 50,000 रुपये की घूस देने के बाद जाली दस्तावेजों के आधार पर वीजा जारी किए। सीबीआइ ने आरोप लगाया कि शौकीन ने इस दौरान वीजा जारी करने के अनुरोध से जुड़ी 324 फाइलों का निपटारा किया।

# अडानी मुद्दे पर एनसीपी और तृणमूल के दूर रहने से विपक्षी एकता पर अनिश्चितता का साया

■ नई दिल्ली, एजेंसी।




गत दिवस कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में गौतम अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में जांच हेतु 16 विपक्षी दलों ने जो जुलूस निकाला उसमें ममता बैनर्जी की तृणमूल का शामिल नहीं होना तो स्वाभाविक था किंतु शरद पवार की एनसीपी की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बन गई। उसके पहले श्री खड़गे द्वारा संसद में बुलाई विपक्ष की बैठक में भी तृणमूल और एनसीपी ने शिरकत नहीं की। तृणमूल तो स्पष्ट कर चुकी है कि वह कांग्रेस के साथ किसी भी राजनीतिक मुहिम में शामिल नहीं होगी और अपना विरोध अकेले रहकर व्यक्त करेगी। लेकिन श्री पवार की पार्टी ने श्री खड़गे द्वारा बुलाई बैठक और उसके बाद निकाले गए मार्च का बहिष्कार क्यों किया ये सवाल राजनीति के जानकारों को परेशान कर रहा है। अडानी वाले विवाद में ममता बैनर्जी तो शुरू से ही बाकी विपक्षी दलों से अलग रहते हुए चुप्पी साधे रहीं किंतु श्री पवार ने इस मुद्दे पर कांग्रेस से दूरी क्यों बनाई उसका कारण ये है कि मुंबई में रहने वाले श्री पवार के उद्योगपतियों से अच्छे रिश्ते हैं और गौतम अडानी भी उनकी मित्रता सूची में हैं।

ये सर्वविदित है कि एनसीपी सुप्रीमो राजनीति को आपसी रिश्तों से परे रखते हैं। एक जमाने में जब मुंबई में हुए बम धमाकों के सिलसिले में जब स्व. बाल ठाकरे ने उनको दाऊद इब्राहीम का करीबी बनाकर कठघरे में खड़ा किया तब भी उन दोनों की दोस्ती बनी रही। इसी तरह भाजपा का विरोध करते हुए भी वे अपने निजी जलसों में स्व.अटल बिहारी वाजपेयी और उसके बाद वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करते रहे। विपक्षी एकता के पक्षधर होने के बावजूद महाराष्ट्र के इस कद्दावर नेता ने अब तक कांग्रेस को खुली छूट देने से परहेज किया है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

# इजरायल ने यूक्रेन को ड्रोन रोधी प्रणाली के निर्यात लाइसेंस को दी मंजूरी

■ यरुशलम, एजेंसी।



इजराइल ने यूक्रेन को ड्रोन रोधी जैमिंग प्रणाली की बिक्री के लिए निर्यात लाइसेंस को मंजूरी दी है। अमेरिकी ऑनलाइन मीडिया एक्सियस ने यूक्रेन और इजरायली अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन में रूसी सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब इजरायल ने उसे (यूक्रेन) हथियारों की बिक्री के लिए रक्षा निर्यात लाइसेंस को मंजूरी प्रदान की है। लाइसेंस को मंजूरी ड्रोन रोधी प्रणाली और राफेल के इजरायली निर्माताओं के लिए दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर मध्य फरवरी में रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और विदेश मंत्री एली कोहेन ने इस लाइसेंस को मंजूरी प्रदान की थी। श्री कोहेन ने 15 फरवरी को कीव की अपनी यात्रा के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को लाइसेंस की मंजूरी के संदर्भ में जानकारी दी थी।

# कोरोना का कहर हुआ शुरू... 4 महीने के बाद कोविड-19 के 700 से ज्यादा आए नए मामले

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 754 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,92,710 हो गई है। देश में करीब चार महीने बाद संक्रमण के 700 से अधिक दैनिक मामले सामने आए हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,623 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 12 नवंबर को संक्रमण के 734 दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, कर्नाटक में संक्रमण से एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,790 हो गई है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में अभी तक कुल 4,41,57,297 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.64 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और 5 सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

# उत्तर कोरिया ने दागी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल



■ टोक्यो, ईएमएस।

उत्तर कोरिया ने गुरुवार सुबह एक बार फिर अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) दागी। जापानी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल जापान के द्वीप से 250 किमी दूर गिरी। इससे पहले यह लगभग 70 मिनट तक 6,000 किलोमीटर (3728 मील) से अधिक की ऊंचाई पर लगभग 1,000 किलोमीटर तक उड़ान भरी। उत्तर कोरिया की ओर से जापानी समुद्री सीमा पर दागी गयी मिसाइल के बाद जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो ने प्रमुख मंत्रियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की घोषणा की। जापानी रक्षा मंत्री यासुकाज़ु हमादा ने पहले कहा था कि उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी है। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने इससे पहले दक्षिण कोरियाई सेना का हवाला देते हुए बताया था कि उत्तर कोरिया ने आज तड़के जापान सागर की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

# अब विदेशी वकील भारत में कर सकेंगे वकालत

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने विदेशी कानून, अंतराष्ट्रीय कानूनी मुद्दों और मध्यस्थता जैसे क्षेत्रों में विदेशी वकीलों और विधि फर्म को वकालत करने की अनुमति देने का फैसला किया है। बीसीआई ने कहा कि इससे भारतीय और विदेशी दोनों तरह के वकीलों को लाभ होगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बीसीआई ने भारत में विदेशी वकील और विदेशी विधि पंजीकरण और नियमन-2022 के लिए नियम अधिसूचित किया है।

### वकीलों को मिलेगा लाभ

अधिसूचित नियमों में कहा गया है कि भारत में वकालत विदेशी वकीलों के लिए विदेशी कानून, गैर मुकदमे वाले विविध अंतरराष्ट्रीय कानूनी मामलों और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता क्षेत्रों में खुली है और इससे भारत में कानूनी पेशे और क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी और यहां के वकीलों को भी लाभ होगा। बीसीआई ने कहा कि यह अनुमति शर्तों के साथ बेहतरीन तरीके से नियंत्रित होगी, ताकि सुनिश्चित किया जा सके

### बार काउंसिल में कराना पड़ेगा पंजीकरण




कि यह भारत और विदेशी के वकीलों के आपसी हित में हो। समाचार एजेंसी के अनुसार, विदेशी वकील या विदेशी कानून फर्म भारत में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत होने तक भारत में अभ्यास करने के हकदार नहीं होंगे। एक विदेशी वकील के लिए पंजीकरण शुल्क 25,000 अमेरिकी डॉलर है और विदेशी कानून फर्म के लिए शुल्क 50,000 अमेरिकी डॉलर है। विदेशी वकील या कानून फर्म विदेशी वकीलों के रूप में पंजीकृत एक या एक से अधिक भारतीय अधिवक्ताओं को कानूनी विशेषज्ञता, सलाह लेने और संलग्न करने के हकदार होंगे। बीसीआई अधिसूचना के अनुसार, यह नियम एक अच्छी तरह से परिभाषित, विनियमित और नियंत्रित तरीके से पारस्परिकता के सिद्धांत पर आधारित हैं। बीसीआई यह भी कहा कि यदि सीमित, अच्छी तरह से नियंत्रित और विनियमित तरीके से किया जाता है, तो इस कदम का भारत में कानूनी अभ्यास पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बीसीआई ने कहा कि यह नियम देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं को दूर करने और भारत को अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता का केंद्र बनाने में भी मदद करेंगे।

# अमेरिका ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की दी धमकी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।




अमेरिका में बाइडेन प्रशासन ने वीडियो शेयरिंग एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की धमकी देते हुए कहा है कि यदि इस एप के चीनी मालिक अपनी हिस्सेदारी नहीं बेचते हैं तो वह इसपर प्रतिबंध लगाएगा। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस मामले के जानकार लोगों का हवाला देते हुए जानकारी दी। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि टिकटॉक ने यह सलाह दी है कि इस प्रकार की जबरन बिक्री से अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का कोई समाधान नहीं होगा। टिकटॉक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शाउ जी च्यू आगामी 23 मार्च को हाउस एनर्जी एंड कॉमर्स कमेटी के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा था कि व्हाइट हाउस अमेरिकी कांग्रेस में एक कानून पारित करने की कोशिश का समर्थन करता है, जो अमेरिका में टिकटॉक जैसी विदेशी तकनीक से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए नये अधिकारों की अनुमति देता है। व्हाइट हाउस के अनुसार यह कानून अमेरिकी सरकार को अधिकार प्रदान करेगा ताकि वह विदेशी सरकारों को अमेरिका में संचालित प्रौद्योगिकी सेवाओं का दोहन करने से रोक सके, जो अमेरिकी नागरिकों के संवेदनशील डेटा और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न करता है। यह कानून टिकटॉक और चीनी सरकार के बीच संबंधों को लेकर चिंताओं के बीच आया है। टिकटॉक और वीचैट पर प्रतिबंध ट्रम्प प्रशासन ने राष्ट्रपति बाइडेन के कार्यकाल से पहले चीन के खिलाफ लंबे समय से चल रहे कूटनीतिक और व्यापार युद्ध का हिस्सा था, जो जनवरी 2021 में शुरू हुआ था।

खुशखबरी — सभी जोन के लिए बजट आवंटित

# ऐतिहासिक पहाड़ी मार्गों पर चलेंगी 35 हाइड्रोजन ट्रेनें



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

रेल मंत्रालय बजट 2023-24 में 2800 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विरासत व पहाड़ी मार्गों के लिए 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेनों के लिए विकास कार्य कर रहा है। रेल मंत्रालय को 2023-24 के दौरान पूंजीगत व्यय के लिए सकल बजट समर्थन (जीबीएस) के रूप में 2,40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें पूंजी के तहत 1,85,000 करोड़ रुपये, रेलवे सुरक्षा कोष के तहत 45,000 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय रेल सुरक्षा कोष में योगदान के रूप में 10,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।

### सकल बजटीय सहायता में से 31,850 करोड़ आवंटित

2023-24 के लिए योजना शीर्ष नई लाइनें के लिए सकल बजटीय सहायता में से कुल 31,850 करोड़ आवंटित किए गए हैं। 2023-24 के लिए नई लाइनों के लिए क्षेत्रवार निधि आवंटन किया गया है। इसके तहत केंद्रीय रेलवे को 1234.95 करोड़, पूर्व रेलवे को 432.95 करोड़, उत्तरी रेलवे को 11617.30 करोड़, उत्तर पूर्वी रेलवे को 792.00 करोड़, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को 6591.00 करोड़, दक्षिण रेलवे को 1158.15 करोड़, दक्षिण केंद्रीय रेलवे को 819.50 करोड़, दक्षिण पूर्वी रेलवे 14.90 करोड़, पश्चिमी रेलवे 1011.70 करोड़, पूर्व मध्य रेलवे को 1518.02 करोड़, पूर्वी तट रेलवे 1984.00, उत्तर मध्य रेलवे 2.13 करोड़, उत्तर पश्चिमी रेल को 861.65 करोड़, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 389.00, दक्षिण पश्चिमी रेलवे 1408.35 और पश्चिम मध्य को 2014.40 करोड़ आवंटित किए हैं। नई ट्रेनों की शुरुआत रेलवे के नियमित दैनिक परिचालन का एक हिस्सा है। 2023-24 के लिए योजना शीर्ष ग्राहक सुविधाओं के लिए सकल बजटीय सहायता में से 13,150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट 2023-24 में 2800 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विरासत व पहाड़ी मार्गों के लिए 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेनों के विकास को शामिल किया गया है। इसके अलावा 600 करोड़ रुपये की लागत से विरासत मार्गों के लिए हाइड्रोजन इंफ्रास्ट्रक्चर को भी तैयार किया जा रहा है।

# लाड़ली बनने बहनें घंटों कर रहीं इंतजार

# सरकार पर भारी सर्वर



**कटनी, यशभारत।** तकनीक जितना काम को आसान बना रही उतना ही परेशान भी कर रही। अक्सर आपने बैंकों कियोस्क या आनलाइन कामों में सुना होगा सर्वर फेल है। यह सर्वर क्या है कैसे फेल हो जाता है केवल कुछ जानकार ही समझ सकते हैं वर्तमान में जिले की सैकड़ों बहनें जो लाड़ली बहना बनने के लिए दिन रात दौड़ भाग कर रहीं हैं उन्हें कभी नगर निगम कभी जनपद तो कभी कियोस्क में इसी उत्तर से दो चार होना पड़ रहा है। काम नहीं होने का यह बहाना भी हो सकता है लेकिन कोई कुछ नहीं कर सकता। क्योंकि सर्वर है या तो इंजीनियर जाने या फिर इस सर्वर पर काम करने वाला।

वैसे इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि लाड़ली बहना योजना के लिए जिस कागजी औपचारिकता को पूरा करने के लिए कहा गया है उससे एमपी सरकार के सभी सर्वरों का लोड जरूर बढ़ा है। कहना बिल्कुल भी अतिश्योक्ति नहीं है कि सरकार के निर्देश पर सर्वर भारी पड़ रहा है एक ऐसी तकनीक जो काम को आसान बनाती है पर फिलहाल काम को पेंडिग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है दरअसल लाड़ली बहना योजना के लिए सरकार ने ईकेवायसी करने का अनिवार्य बनाया है जिसके अनुसार आधार कार्ड से समग्र आईडी को लिंक करना है। बस यही वो प्रक्रिया है जो सर्वर के जरिए होती है एमपी आन लाइन या फिर स्वयं इसे किया जो जा सकता है लेकिन समग्र पोर्टल को दिन भर खोलना काफी कठिन है एक साथ लाखों लोगों के विजिट करने से इसकी वेबसाइट क्रेस हो रही है जिसे सर्वर फेल के नाम से हम जान रहे हैं। अब इसके सुधार की तो बहुत सी प्रक्रिया है लेकिन करने का काम तो सिर्फ सरकार ही कर सकती है।

समग्र व आधार सेंटर में सर्वर की समस्या भी परेशानी का सबब बना रहा। लोड बढने के कारण दिन में कई बार सर्वर बंद-चालू हुआ, जिससे महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो समस्याएं सामने आईं। सर्वर ठप रहा। अध्यक्ष ने आयुक्त से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था करने कहा। जोन कार्यालयों में भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने कहा।

### आवेदन के लिए ये दस्तावेज हैं आवश्यक

लाडली बहना योजना में पात्र हितग्राहियों के लिए हितग्राही की लाइव फोटो, समग्री आइडी इ-केवायसी के साथ, आधार से लिंक बैंक खाता जो एक्टिव हो वह जमा करना है। आवेदन में स्व-घोषणा करनी है।

### शहर से लेकर गांव तक दल काम करेंगे

इस योजना में हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए शहर से लेकर गांव तक दल काम करेंगे। नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र व ग्राम पंचायतों में दल काम करेंगे। ग्रामीण इलाकों में गठित दल जिसमें सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, पटवारी आदि शामिल किए गए हैं। ये 14 मार्च से 24 अप्रैल तक गांव में घूमकर हॉर्ड कॉपी में आवेदन भरेंगे। इसमें एक गूगल फार्मेट भी तैयार कराया जाएगा। इ-केवायसी कराएंगे।

# बदलता मौसम, बारिश की संभावना

# सुबह लोग जागे तो नहीं हुए सूर्य देवता के दर्शन

# आसमान पर बादलों का डेरा



**कटनी, यशभारत।** सुबह लोग जब नींद से उठे तो बाहर निकलते ही बादलों के दर्शन हुए हैं। मौसम गुलाबी ठंड का अहसास करा रहा था। वहीं जिले के कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई है। आसमान में बादलों के बीच धूप छांव की स्थिति बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर कटनी जिले में एक बार फिर देखने को मिल रहा है। मौसम में रात से अचानक परिवर्तन के साथ ठंडी हवाएं चलीं उमस भी थी और आसमान पर बादलों ने डेरा डाल रखाथा। आज गुरूवार की सुबह से बादलों के कारण धूप नही निकली है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में परिवर्तन आया है। इस दौरान जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। दूसरी और फसलों के नुकसान को लेकर उनका कहना है कि जो फसलें पक कर तैयार हो गई हैं, उनको नुकसान हो सकता है और किसानों को सलाह है कि वे तैयार फसलों को कटाई कर सुरक्षित कर लें। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास ट्रफ के रूप में सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी में भी एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने से हवा में नमी आने से बादल बन रहे हैं। हवा का रुख भी उत्तरी पश्चिमी हो गया है। जिससे कि महाकोशल क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में आसमान में बादल बने हुए हैं। यह स्थिति अगले दो दिन और रह सकती है। आपको बता दें कि इन दिनों मार्च माह भी आधा गुजर गया है लेकिन आसमान में बादल और विक्षोप के कारण अब तक लोगों को गर्मी का अधिक अहसास नहीं हुआ है। जबकि बीते वर्ष की बात करें तो इन दिनों तक तापमान 35 डिग्री से अधिक चला गया था। जबकि वर्तमान में तापमान 35 डिग्री से नीचे बना हुआ है। लोगों को अभी भी ठंड का अहसास हो रहा है। वहीं लोगों को यह गुलाबी ठंड का मौसम भी अधिक भा रहा है।

# कमलनाथ ने दिया कटनी मेडिकल कॉलेज का भरोसा



**कटनी, यशभारत।** गत दिवस पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कटनी में मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर भरोसा दिया है कि वह अपने मेनिफेस्टो में इसे सबसे ऊपर शामिल करेंगे, सत्ता परिवर्तन के बाद कटनी मेडिकल कॉलेज निर्माण होकर रहेगा। कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन के सदस्य कमलनाथ से मिलने गए थे जिसे उन्होंने यह आश्वासन दिया। एसोसिऐशन ने बताया कि बुधनी, सिंगरौली, श्योपुर, दमोह, सिवनी, सतना और शहडोल जैसे जिलों में मेडिकल कॉलेज जबकि कटनी को नहीं। भोपाल पहुंची कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन टीम द्वारा कटनी के साथ हो रहे, सौतेले व्यवहार व जिले की अवहेलना को देखते हुए मुख्य विपक्षी दल के नेताओं से भी समय लेकर मुलाकात करने के क्रम में कांग्रेस के सबसे कद्दावर नेता व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात पूर्व महापौर श्री विजेंद्र मिश्र के माध्यम से अपॉइंटमेंट लेकर मुलाकात की गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बंगले जाकर भेंट की गई, जहां कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन टीम द्वारा श्री नाथ से कटनी मेडिकल कॉलेज को मांग और कटनी के साथ किये जा रहे सौतेले व्यवहार के विषय पर चर्चा की जिसे उन्होंने गंभीरता से पूरे विषय को सुना गया और कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन के 7 सदस्यी डेलीगेशन से विस्तृत चर्चा व मेडिकल कॉलेज की माँग को लेकर ज्ञापन को ध्यान से पढ़ा। टीम के सदस्यों से कटनी के विकास विभिन्न विषयों पर भी गंभीर चर्चा की गई, जिसके बाद श्री नाथ ने कहा कि, कटनी प्रदेश का एक अतिमहत्वपूर्ण जिला है। महाकौशल क्षेत्र की रीढ़ है, राजस्व देने के मामले में कटनी प्रदेश के टॉप पांच जिलों में से एक जिला है पर उसके बाद भी कटनी के साथ इस तरह का बर्ताव किया जाना पूर्णत: अनुचित है। कमलनाथ ने केवल केवल वादा नहीं, बल्कि कटनी मेडिकल कॉलेज को लिखित रूप से मेनिफेस्टो में शामिल करने व सत्ता परिवर्तन के बाद जल्द ही कटनी में शासकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण का बड़ा वादा किया जिसके बाद कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन डेलिगेशन सदस्यों द्वारा कमलनाथ को शाल व श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन के द्वारा भोपाल में रहकर सत्ता पक्ष व विपक्ष सभी को जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओ जिनमे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात की है और सभी को कटनी मेडिकल कॉलेज की मांग को पहुंचाया है, अब देखना ये होगा कि कटनी में मेडिकल कॉलेज की सौगात वर्तमान 20 वर्षों से कटनी की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी कटनी को देती है या कटनी की जनता इस बार इस मुद्दे पर सत्ता परिवर्तन की ठानेगी। क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की ओर से तो सत्ता परिवर्तन के बाद कटनी मेडिकल कॉलेज को लेकर लिखित वादा कर ही दिया गया है। कटनी डेवलपमेंट एसोसिएशन की ओर से प्रतिनिधि मंडल में राहुल सैनी, नीतेश जैन नीतू, राकेश पाखरानी, शंकर साधवानी, कृष्णा सागर, नफासत खान, व अध्यक्ष सुयश पुरवार की उपस्थिति में भोपाल मुहिम जारी है।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा की गई पहल

# महाविद्यालय की छात्राओं ने समझा न्यायालयीन कार्य की बारीकियों को



**कटनी, यशभारत।** गत शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं को उत्साहित करते हुए उन्हें विभिन्न खंडपीठों में चल रहे न्यायालीन बारिकियों कार्यो से कराया अवगत कराया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर आदेशानुसार कटनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग दोनों के संयुक्त तत्वावधान में जिला सत्र न्यायालय न्यायाधीश जिला प्रधान न्यायाधीश धरमिनदर सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव दिनेश नौटिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज चंदसोरिया के निर्देशानुसार पी एल वी समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर इंटरसिप कर रही छात्राओं को जिला न्यायालय के विभिन्न खंडपीठों में चल रहे आपसी मतभेदों एवं मध्यस्थता के माध्यम से होने वाले न्यायालीन कार्यो से होने वाले फायदों से उपस्थित सभी छात्राओं को अवगत कराया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के तहत हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल कर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु दूसरे लोगों को जागरूक अवश्य ही करें इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव दिनेश नौटिया द्वारा बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने व सुरक्षित रखने हेतु उन्हें नालसा सालसा और डालसा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें समाज व्यवस्था में जुड़कर बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में विशेष सराहनीय सहयोग जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला पुस्तकालय प्रभारी अधिवक्ता संदीप नायक, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार बक्शी, सीनियर अधिवक्ता श्रीमती आशा विश्वकर्मा, श्रीमती मीना सिंह बघेल सहित जूनियर अधिवक्ता सुश्री माही विश्वकर्मा, श्रीमती शिखा पांडे, एवं शासकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पदाधिकारी राजनिवास पांडे, हृदयराज मेहरा, संदीप तिवारी, श्रीमती ललिता तिवारी श्रीमती महिमा सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण दिवस पर विशेष रूप से बेटियों को सशक्त बनाने हेतु महत्त्वपूर्ण कानूनी बारीकियों से अवगत कराया गया।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033




कटनी, यशभारत। भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री डा भागवत कराड़ के साथ गत दिनों राजधानी दिल्ली में आयोजित ग्राहक सम्मेलन में पूर्व महापौर शशांक सहभागिता देते हुए उनसे कई विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# कटनी होकर निकलेगी विशेष वातानुकूलित ट्रेन




**कटनी, यशभारत।** गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच एक ट्रिप विशेष वातानुकूलित ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन कटनी होकर जाएगी। रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के बाद अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर के मध्य एक-एक ट्रिप एसी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 05059 गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस एसी स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.03.23 को गोरखपुर स्टेशन से 20-55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 12.10 बजे, कटनी 13.40 बजे, जबलपुर 16.10 बजे, इटारसी 20.00 बजे एवं तीसरे दिन 07-25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05060 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर एसी स्पेशल ट्रेन दिनांक 19.03.2023 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 00.50 बजे, जबलपुर 04.35 बजे, कटनी 06.30 बजे, सतना 08.30 बजे और तीसरे दिन 00.30 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुँचेगी।

# मार्च के चक्कर में टेक्सपेयर परेशान




**कटनी, यशभारत।** इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की तारीख नजदीक आती जा रही है। इसका असर कटनी जैसे जिले में भी दिखने लगा है। लोग मार्च में अपना टेक्स रिटर्न आदि भरने की प्रक्रिया में जुटे हैं। कटनी में इन दिनों चार्टड एकाउंटेंटस के पास काम की भरमार है। अगले 15 दिन इसी तरह काम बढ़ेगा आपको भी अगर टेक्स भरना है तो समझ ले कि इसकी उल्टी गिनती चालू हो चुकी है। अप्रैल के महीने से इनकम टैक्स दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वहीं इस दौरान टैक्सपेयर्स वर्ष 2022-23 के लिए टैक्स दाखिल कर सकेंगे और इसी वित्त वर्ष के लिए किए गए निवेश पर छूट भी हासिल कर पाएंगे। हालांकि एक जरूरी चीज लोगों को मार्च के महीने में ही निपटानी होगी, तभी उसका फायदा लोगों को इनकम टैक्स दाखिल करते वक्त मिल पाएगा। टैक्सपेयर्स ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए निवेश की योजना बनाना शुरू कर दिया है क्योंकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2023 को समाप्त हो रहा है। भविष्य की टैक्स योजना महत्वपूर्ण है, हालांकि इस महीने के अंत से पहले कुछ सरल प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने से भी व्यक्तियों को टैक्स बचाने में मदद मिल सकती है। जैसे-जैसे वित्तीय वर्ष स्त्रङ्ख 2022-23 खत्म हो रहा है, वैसे-वैसे टैक्सपेयर्स के पास टैक्स कटौती का लाभ लेने का समय खत्म हो रहा है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि व्यक्ति निवेश करने जैसे कुछ सरल कदमों का पालन करके बहुत सारा पैसा बचा सकते हैं। इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए समय सीमा से पहले इंवेस्टमेंट करना जरूरी है। अगर आपको इस साल इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त टैक्स छूट का फायदा उठाना है तो आपको 31 मार्च 2023 से पहले इंवेस्टमेंट करना होगा, जो कि इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त दिखाया जा सकेगा और उस पर टैक्स भी बचाया जा सकेगा। ऐसे में हम आपको एक स्कीम भी बता रहे हैं, जिसको अपनाकर लाखों रुपये का टैक्स बचाया जा सकता है।

# बूथ विस्तार योजना में जुटे भाजपाई

## विजयराघवगढ़ विधानसभा में हुई बैठक

## गांव गांव के बूथों तक पहुंचे कार्यकर्ता



**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश भाजपा की महत्वपूर्ण बूथ विस्तारक योजना 2.0 के क्रियान्वयन हेतु कल 14 मार्च को विजयराघवगढ़ भाजपा कार्यालय में पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी के मुख्यातिथ्य एवं मण्डल प्रभारी श्री उदयराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा के नेतृत्व में मण्डल के समस्त शक्तिकेंद्र संयोजकों, अध्यक्षों, प्रभारियों और सोशल मीडिया/आईटी सेल संयोजकों सहित मण्डल में निवासरत जिला पदाधिकारियों, मण्डल के पदाधिकारियों, समस्त मोर्चो के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मण्डल प्रभारी एवं मण्डल अध्यक्ष द्वारा आगामी 10 दिनों तक चलने वाली म0प्र 0 भाजपा की बूथ विस्तारक योजना 2.0 विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही समस्त पदाधिकारियों को 05 करणीय कार्यो के साथ अगले 10 दिनों तक के बूथ में प्रवास की ज़िम्मेदारी प्रदान की गई। पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा समस्त शक्तिकेंद्रों संयोजकों, मण्डल पदाधिकारियों को हर बूथ में जाकर बूथ मजबूत कर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में बहुमत के साथ सरकार बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही जिला पदाधिकारियों द्वारा भी बूथ मजबूत करने के तरीकों से परिचित कराया गया। बैठक में प्रमुख रूप पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामनारायण सोनी पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री विजय राय, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष माधुरी मिश्रा मंडल महामंत्री द्वय आशुतोष सराफ, मनोज कुमार, उपाध्यक्ष श्रीराम सोनी, अनिल पटेल, अयोध्या गर्ग, कार्यालय मंत्री संता विश्वकर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रत्ना ताम्रकार, अल्प संख्यक अध्यक्ष शेख इमाम बख्श, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विजय कोल, आई.टी. सेल संयोजक हर्ष नामदेव, न. प. उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, अरशद असरफी, विपिन गुप्ता, प्रभु पटेल, सनद परौहा, अनिल चौबे, महेंद्र ताम्रकार, बालकृष्ण पटेल, अजय मिश्रा, अभिषेक साहू, अयोध्या साहू, बृजलाल पाल, हेमराज बागरी सत्यम मिश्रा, बलराम दहिया, बृजेश गोस्वामी, शौकी लाल पटेल, एवम सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। मंच संचालन अनिल पटेल ने किया एवम बैठक का आभार आशुतोष सराफ ने किया।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## ई-केवाईसी व आधार अपडेशन एवं बैंक से आधार लिंक कराने 45 वार्डों के लिए सर्वे टीम गठित

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुचाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत 45 वार्डों के लिए अलग-अलग सर्वे टीम गठित करते हुए वार्ड दरोगा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आगनबाड़ी पर्यवेक्षक, टेक्स कलेक्टर एवं समयपाल की ड्यूटी लगाई है। सर्वे दल मे प्रत्येक वार्ड के लिए एक दल प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। गठित दल के अधिकारी कर्मचारी उपायुक्त, नगरपालिक निगम पवन कुमार अहिरवार के निर्देशन में कार्य संपादित करेगें। कलेक्टर श्री प्रसाद ने गठित दल के अधीकारी - कर्मचारियों को 14 मार्च से 24 मार्च तक वार्डो का भ्रमण कर योजनांतर्गत पात्र हितग्राही जिनका समग्र ई-केवाईसी नहीं है, उनका ई-केवाईसी मौके पर ही करते हुए आधार अपडेशन एवं बैंक से आधार लिंक की कार्यवाही संपादित करनें तथा पात्र हितग्राहियों की जानकारी गूगल फार्म एवं प्रिंटेड आवेदन फार्म में अंकित करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त नगरपालिक निगम सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नगरीय सीमान्तर्गत सभी 45 वार्डो में ई-केवाईसी की कार्यवाही कराने हेतु वार्ड प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिन्हें समग्र पोर्टल पर यूजर आई. डी. व पासवर्ड तैयार करने हेतु निर्देशित किया है।

### लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रेल से

**कटनी,यशभारत।** शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर मे संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालयों में कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र अनुसार सहायक ग्रेड –3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित आर्हता पूरी करते हो एवं सहायक ग्रेड–3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो के आवेदन आमंत्रित किये गए है। प्रभारी प्राचार्य शासीकय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर ने बताया कि प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र 21 मार्च की शाम 5 तक कार्यालय मे जमा किये जा सकेंगे। यह प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लये नि:शुल्क एवं अर्धशासकीय, निगम मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित शुल्क दो हजार रूपये का चालान सत्र में प्रवेश होने पर जमा कराना अनिवार्य होगा।

# बिना अनुमति बेची पट्टे की जमीन फिर से हुई सरकारी

**पूर्व में पट्टे की भूमि खरीदने वाले व्यक्ति के पक्ष में किए गए नामांतरण को भी कलेक्टर ने किया निरस्त**

**कटनी,यशभारत।** सरकारी पट्टे की जमीन को अवैधानिक प्रक्रिया अपनाकर अंतरित किए जाने के एक प्रकरण में न्यायालय कलेक्टर कटनी द्वारा उक्त भूमि पर दर्ज किए गए नामांतरण को निरस्त करते हुए अंतरिम व्यवस्था के तहत उक्त भूमि को शासकीय मद में दर्ज किए जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही पूर्व में किया गया भूमि नामांतरण भी निरस्त कर दिया है। इसके अलावा इस प्रकरण में तथ्य सामने आने के बाद भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए उचित वैधानिक कार्यवाही न करने वाले तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पटवारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। साथ ही इस प्रकरण के सामने आने के बाद शासकीय पट्टों की खरीद फरोख्त की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय कलेक्टर ने सभी सरकारी पट्टे की जमीनों के प्रकरणों की बारीकी से जांच के आदेश दिए हैं।

### यह है प्रकरण

उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन शिकायत की समीक्षा दौरान एक शिकायत कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद के सामने आई, जिसमें यह तथ्य सामने आए कि दुलारे, लल्लू पिता वैशाखू चौधरी निवासी सिंदुरसी तहसील बहोरीबंद को ग्राम सिंदुरसी स्थित खसरा क्रमांक 203 में से 2 हेक्टेयर भूमि का पट्टा जारी किया गया। जिसमें से खसरा क्रमांक 203द्2 में से रकवा 0.60 हे. भूमि विक्रय कर दी गई। शिकायत की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आए कि भूमि पट्टे की शर्त 05 का उल्लंघन करते हुए पट्टा आबंटन के लगभग 6 वर्ष के भीतर ही किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय कर अंतरित कर दी गई। उल्लेखनीय है कि सरकारी पट्टे की जमीन को पट्टाधारी 10 वर्ष की अवधि के पश्चात कलेक्टर से अनुज्ञा प्राप्त करने के उपरांत ही विक्रय कर सकता है।

### मप्र भू राजस्व संहिता का उल्लंघन

प्रथम दृष्टया यह कृत्य भू राजस्व की धारा 158(3) का उल्लंघन पाते हुए न्यायालय कलेक्टर कटनी द्वारा मध्यप्रदेश भू -राजस्व संहिता की धारा 32 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नामांतरण पंजी 2007-08 में संशोधित कर प्रकाश पिता परमेश्वर दयाल गुप्ता के पक्ष में किया गया नामांतरण निरस्त कर दिया गया।

### तहसीलदार और पटवारी की कार्यवाही न्यायसंगत नहीं

न्यायालय कलेक्टर कटनी ने उक्त प्रकरण की जांच में यह भी पाया कि ग्राम सिंदुरसी पटवारी एवं तहसीलदार बहोरीबंद को प्रकरण से संबंधित समस्त जानकारी होने के बाद भी प्रकरण के संबंध में अपने कर्तव्य का निर्वहन न करते हुए न्याय संगत वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई। सीएम हेल्पलाइन में उक्त शिकायत दर्ज होने पर भी सिर्फयह लिख कर कि तहसील स्तर पर कोई कार्यवाही शेष नहीं है अपने कर्तव्य की इतश्री कर ली गई। न्यायालय कलेक्टर कटनी ने सम्पूर्ण प्रकरण में पाया कि अहस्तांतरणीय भूमि पट्टे की शर्त का उल्लंघन कर कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना अंतरित की गई है।

### यह दिए आदेश

न्यायालय कलेक्टर ने इस प्रकरण में मूल पट्टेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर अंतिम निर्णय तक उक्त भूमि शासकीय मद में दर्ज करने की अंतरिम व्यवस्था देते हुए बहोरीबंद तहसीलदार पूर्वी तिवारी को शो कॉज नोटिस जारी किया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद को उक्त प्रकरण में पटवारी की भूमिका की जांच पर उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया है। साथ ही पूर्व में नामांतरण दर्ज करने वाले तत्कालीन पटवारी और तहसीलदार के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने आदेशित किया है।

### लाड़ली बहना योजना में लगेंगे ये दस्तावेज

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का उद्देश्य महिलाओं के स्वावलम्बन एवं उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाये रखना है। परिवार स्तर पर निर्णय लिये जाने में महिलाओं को प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राही महिला को मध्यप्रदेश की स्थानीय निवासी होना जरूरी है। विवाहित हो, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिला भी इस योजना में सम्मिलित होंगी। आवेदन के कैलेंडर वर्ष में एक जनवरी स्थिति में 23 वर्ष पूर्ण कर चुकी हों तथा 60 वर्ष की आयु से कम हो। आवेदिका के पास परिवार समग्र आईडी, व्यक्तिगत समग्र आईडी, आधार कार्ड, स्वयं का आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाता एवं मोबाइल नम्बर (जिस पर आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि के समय ओटीपी भेजा जायेगा) होना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत ऐसी महिलायें अपात्र होंगी, जिनके परिवार की सम्मिलित रूप से वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक हो। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदिका को आवेदन पत्र के साथ किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदिका द्वारा आवेदन के लिए आवश्यक जानकारी के पत्रक में की गई स्वघोषणा ही पर्याप्त है।

### जिला स्तरीय सहायक समिति की बैठक कल आयोजित

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे 17 मार्च को दोपहर 2 बजे से जिला स्तरीय सहायक समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र के महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव नें प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक से बैठक में उपस्थित होनें का आग्रह किया है।

# जनसुनवाई में आए विभिन्न विभागों के 160 आवेदन



**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो एवं एस.डी.एम प्रिया चंद्रावत ने दूरदराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उनके आवेदन लिए जाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 160 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में राशन पात्रता पर्ची बनानें हेतु अपना आवेदन लेकर पहुचीं ग्राम सिंधनपुरी निवासी प्रतिभा बाई के आवेदन पर सुनवाई की जाकर जिला पंचायत के अधिकारी को आवेदन की जांच कराकर पात्रता पर्ची का लाभ प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम धनवाही तहसील बहोरीबंद निवासी भागचंद बसोर द्वारा कब्जा के आधार पर शासकीय भूमि का पट्टा प्रदाय किये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार बहोरीबंद को आवेदन पर कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

ग्राम कछगवां निवासी राकेश द्वारा आवेदक के आवागमन का रास्ता अवरूद्ध किये जाने संबधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर स्थल निरीक्षण कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार कटनी को दिए गए। ग्राम देवरी बहोरीबंद निवासी चन्दा बाई चौधरी द्वारा संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि का लाभ प्रदान करने संबंधी आवेदन पर सी.ई.ओ बहोरीबंद को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश प्रदान किये गए। पिपरिया सहलावन निवासी कन्धीलाल कोल द्वारा जमीन का सीमांकन कर कब्जा दिलानें हेतु प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार ढीमरखेड़ा को प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया। सीमांकन की कार्यवाही कराने हेतु आवेदन लेकर पहुंचे परौहा पिपरिया निवासी मुन्नू बर्मन का आवेदन लिया जाकर सुनवाई करते हुए नायब तहसीलदार बिलहरी की ओर आवेदन प्रेषित किया जाकर आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। शेख मुरसद असद निवासी ग्राम परसेल तहसील ढीमरखेड़ा द्वारा पैतृक भूमि के बटवारा कराये जानें के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि स्थगन आदेश के बाद भी अनावेदक द्वारा विवाद कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसपर सुनवाई की जाकर तहसीलदार ढीमरखेड़ा को स्थगन आदेश का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान आधार कार्ड बनाये जाने बावत, लोक सेवा केन्द्र विजयराघवगढ़ से जानकारी न मिलने बावत, सहखातेदार भूमि फौती उठवाकर खाता विभाजन किये जाने बावत, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने बावत, भूमि पर कब्जा कराने बावत, आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति में आपत्ति विषयक, पी.ए.सी.एल में जमा राशि वापस दिलाये जाने बावत एवं अन्य प्रस्तुत आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदन का परीक्षण कर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, नगरनिगम उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई एस.एल.कोरी सहित नागरिक आपूर्ति निगम, जिला पंचायत, सामाजिक न्याय विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## प्रसव के मामले में नियमित निगरानी न करने पर एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रसव के मामलों की नियमित निगरानी और समीक्षा के बाद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बरती गई लापरवाही पर सी.एम.एच.ओ को संबंधित स्वास्थ्य कर्मी से स्पष्टीकरण तलब करनें के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद उप स्वास्थ्य केन्द्र विकासखण्ड विजयराघवगढ हनतला की एएनएम सत्यवती अग्निहोत्री को गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान एक भी जांच नहीं किये जाने पर कलेक्टर द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रदीप मुड़िया द्वारा एएनएम सत्यवती अग्निहोत्री को कारण बताओ नोटिस जारी कर उपरोक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण दो दिवस में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। विगत दिवस आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य महकमें को दो टूक हिदायत दी थी कि प्रसव के रेफरल प्रकरणों में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी जांचें करने तथा इन सब मामलों में कोताही बरतने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दे रखे है।

## कार्पोरेट सामाजिक दायित्व की बैठक का आयोजन 24 मार्च को

**कटनी,यशभारत।** कार्पोरेट सामाजिक दायित्व ( सीएसआर ) की बैठक 24 मार्च को दोपहर 3 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी श्री शिशिर गेमावत ने आयोजित बैठक मे जिले के उद्योगपतियों से वर्तमान वित्तीय वर्ष मे सीएसआर मद से किए गए कार्यो की सूची एवं व्यय राशि के विवरण तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। शासकीय विभागों के प्रमुखों से अपनी विभागीय ऐसी मांग जो सीएसआर मद से पूरी की जा सकती है उनका प्रस्ताव तैयार कर बैठक मे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

**किराए से देना है**

**एक रूम**

12 बाय 15, अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति

**एक हॉल**

22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है

संपर्क–8109417340



## मिस्त्रियों के सम्मान में समारोह

**कटनी यशभारत।** बरगवां स्थित समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाइट में जॉनसन कंपनी के अधिकारियों द्वारा जॉनसन टाइल्स के नए प्रोडक्ट व क्वालिटी और टाइल्स लगाने के बारे में जानकारी दी गई और प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो एवं फोटो भी दिखाई गई जिसमें जिले के सभी टाइल्स मिस्त्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी उसके उपरांत सभी लोगों को प्रीतिभोज करा कर उन सभी को उपहार दिया। समारोह में कंपनी से आए जोनल हेड संदीप शर्मा एमपी हेड मोहित गुप्ता व कार्तिक राठौर मार्केटिंग हेड नीलेश चौहान ने मिस्त्रियों का सम्मान किया। समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट के अमित अग्रवाल व उपस्थित स्टाफ ने सभी का आभार प्रकट किया।

## नेहरू युवा केंद्र में तैनात होंगे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक

**आवेदन की अंतिम तिथि 24 मार्च तक बढ़ी**

**कटनी,यशभारत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय युवा कौर योजना के अंतर्गत सार्वजनिक- सामुदायिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए नेहरु युवा केंद्र संगठन अच्छा अवसर लेकर आया है। इस योजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र कटनी के समस्त छः विकासखंडो रीठी, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, टीमरखेड़ा, बड़वारा, कटनी में वर्ष 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। आवेदक नेहरू युवा केंद्र संगठन की वेबसाइट दलो.दपब.पद पर जाकर आवेदन की शर्तो को पढ़कर ऑनलाइन अथवा कार्यालय जिला युवा अधिकारी नेहरु युवा केंद्र कटनी, राय कॉलोनी गली न. -2, जिला कटनी में संपर्क कर सकते है। योजना के तहत प्रति विकासखंड में दो युवाओं की तैनाती होगी, साथ ही कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य के लिए दो युवा चुने जाएँगे। इस प्रकार कटनी जिले में कुल 14 युवाओं का चयन स्वयंसेवक के रूप में किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों में से पात्र उम्मीदवारों का चयन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। योजना के तहत 1 अप्रैल 2023 को 18 से 29 वर्ष आयु समूह के गैर छात्र युवा आवेदन कर सकते है, उक्त आवेदन की अंतिम तिथि 09 मार्च 2023 से बढाकर 24 मार्च 2023 तक कर दी गयी है ।



## नगर निगम द्वारा सत्यनारायण मंदिर के सामने लगाया गया शिविर

**कटनी यशभारत।** नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्ति के मात्र चंद दिवस शेष होने के कारण निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत नगर निगम स्थित कंप्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयो के अलावा दिनांक 15 मार्च को सत्यनारायण मंदिर के सामने शिविर लगाकर 356 रसीदो के माध्यम से 13 लाख 56 हजार की राशि वसूली गई। शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के गणमान्य नागरिकों प्रबुद्ध जनों से संपत्तिकर जमा कर शहर के विकास में सहभागिता निभाने की अपील की है। आयुक्त नगर पालिक निगम सत्येंद्र सिंह धाकरे ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया है।

**In The Court of I Civil Judge Class-1, District Court, Katni**

**Presiding Officer :- अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

**(RCSA/0400092/2014)**

**अंजू बाई व अन्य 7 ......वादी Vs संतोष कुमार व अन्य 7 .......प्रतिवादी**

**Process Id-/2023**

**पेशी दिनांक :- 20/03/2023** **प्रो.क्र. 45/2023**

**प्रेषिती - (1) रामप्रसाद कुशवाहा पिता श्री गनेश प्रसाद कुशवाहा पता निवासी ग्राम खमरिया तहसील बहोरीबंद वर्तमान स्लीमनाबाद जिला कटनी म.प्र.**

यह कि प्रार्थी **अंजू बाई व अन्य 7** ने आपके विरूद्ध **व्यवहार वाद** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **14 मार्च 2023** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

न्यायालय की मुद्रा

**न्यायाधीश- (अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खंड कटनी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला कटनी (म.प्र.)**






## FIR: पिता रिश्ता लेकर गए तो कहा- मेरी तो सगाई हो चुकी है

# 6 साल से रेप, शादी से किया इंकार

■ इंदौर, यशभारत।

एक युवती ने अपने परिचित युवक के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। आरोपी पहचान का होने से 5 साल तक युवती को शादी की बात कर धोखा देता रहा। इस मामले में उसने कई बार युवती के साथ संबंध बनाए। युवती जब अपने घर से लापता हुई तो परिवार ने उसे ढूंढा। सच बताने पर युवती का परिवार आरोपी के घर रिश्ता लेकर पहुंच गया। युवक के परिवार ने दूसरी जगह सगाई होने की बात करते हुए शादी से इनकार कर दिया।ऋद्ध संतोष दूधी के मुताबिक इलाके में रहने वाली 19 साल की युवती की शिकायत पर पुलिस ने मनीष पुत्र पूनम अर्चवाल के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि मनीष और वह एक ही समाज से है।साल 2017 में मनीष के परिवार में एक शादी में गई थी। यहां दोनों की दोस्ती हो गई। इस दौरान मनीष ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। दोनों में बातचीत होने लगी। इसके बाद मनीष ने उससे कहा कि घर कब मिलने आओगी।



### पुलिस के पास गए तो ठीक नहीं होगा

युवती ने कहा कि जब कहो तब मिल लेंगे। अप्रैल 2018 में मनीष ने युवती को जरूरी बात करने का बहाना बनाकर घर आने के लिए कहा।

### होटल में बुलाकर कई बार किया रेप

युवती ने बताया कि मनीष ने इस दौरान उसे कई बार अलग-अलग होटल में बुलाया और उसके साथ गलत काम किया। 20 फरवरी 2023 को मनीष का मोबाइल पर कॉल आया। उसने उज्जैन के त्रिवेणी शनि मंदिर के पास स्थित होटल नक्षत्र में मिलने बुलाया। बोला दोनों शादी करेंगे। उसकी बातों में आकर वह मनीष से मिलने पहुंची। यहां बातों में लगाकर उसने फिर संबंध बनाए। इस दौरान मनीष ने कहा कि अभी माता-पिता शादी को लेकर राजी नही है। जिसमें कुछ समय लगेगा। युवती ने मनीष से गुस्से में कहा कि अगर वह शादी नहीं करेगा तो वह सुसाइड कर लेगी। इसके बाद होटल से निकलकर युवती ओंकारेश्वर चली गई। युवती जब मनीष से मिलने उसके घर पहुंची तो मनीष ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इस दौरान युवती ने मनीष को रोका कि हमारी शादी नही हुई है, तो मनीष ने यह कहते हुए टाल दिया कि हम एक ही कास्ट के हैं।

### माता-पिता करते रहे कॉल

युवती के घर से अचानक लापता होने के चलते उसके माता-पिता कॉल करते रहे। परिवार के लोग भी उसे ढूंढने लगे। इस दौरान मनीष ने युवती को कॉल किया। उसने कहा कि वह उसे लेने आ रहा है। इसके बाद मनीष ने शाम को ओंकारेश्वर से लाकर इंदौर छोड़ा। रात को जब युवती घर पहुंची तो परिवार ने घर छोड़ने का कारण पूछा। तब युवती ने मनीष के बारे में पूरी बात बताई। इसके बाद युवती के पिता ने उसे भरोसा दिलाया कि वह घबराए नहीं मनीष के घर जाकर उसके माता-पिता से बात करेंगे।

### जबरदस्ती संबंध बनाए

12 मार्च को युवती के माता-पिता मनीष के घर पहुंचे। मनीष के परिवार को पूरी बात बताई। जिसमें उन्होंने शादी की बात से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि बेटे की शादी कहीं दूसरी जगह तय कर दी है। बाद में मनीष ने मोबाइल पर कॉल कर धमकाया कि अगर वह उसके खिलाफ थाने गए तो परिवार को जान से खत्म कर देगा। इसके बाद मामले में अगले दिन थाने में लिखित शिकायत की गई।



## आबकारी की अवैध मदिरा तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही

■ इंदौर, यशभारत।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के आदेश एवं सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देशन में इन्दौर जिले में अवैध मदिरा विक्रय करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में कंट्रोलर राजीव मुद्गल के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना के आधार पर वृत आंतरिक एक के उप निरीक्षक नितिन आशापुरे के व्दारा एक एक्टिवा से 12 बोतल विदेशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते आरोपी को पकड़ा और अवैध मदिरा जप्त किया गया।इसके अतिरिक्त अन्य वृत क्षेत्रों में की गई कार्यवाही के अन्तर्गत कुल 23 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क 36(ृ) और 36 (क्क) के तहत कायम किए गए। उक्त प्रकरणों में देशी मदिरा के 78 पाव, विदेशी मदिरा के 12 बोतल, 39 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 280 किलोग्राम महुआ लहान, 07 किलोग्राम गीली भांग जप्त की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### महापंचायत 23 मार्च को भोपाल में, सीएम राज्य युवा नीति का करेंगे लोकार्पण

■ भोपाल, यशभारत।

यूथ महापंचायत में 17 से 35 वर्ष आयु के युवा प्रतिभागी एकत्र होंगे। प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ ही लाखों युवा वर्चुअल भागीदारी भी करेंगे। यूथ महापंचायत का सीधा प्रसारण प्रदेश के महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में किया जाएगा।भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 23 मार्च को यूथ महापंचायत का आयोजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य युवा नीति का लोकार्पण करेंगे। सीएम ने अधिकारियों को यूथ महापंचायत को युवाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनाने के लिए विभाग तैयारी करें।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ यूथ महापंचायत के आयोजन को लेकर बैठक की। सीएम ने बैठक में कहा कि मध्यप्रदेश की युवा नीति, युवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति की विशेषताएं पूरे देश में पहुंचे और इस पहल की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो। युवाओं का उत्साहवर्धन आवश्यक है। यूथ महापंचायत में युवा सरपंच और पार्षद भी आमंत्रित किए जाएं। युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी, मुख्यमंत्री एप्रेंटिसशिप योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाए। इन योजनाओं के कुछ हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप लाभान्वित भी किया जाये। संबंधित विभाग युवाओं की अधिकतम भागीदारी के लिए पूरा प्रयत्न करें।

### 10वीं पास के लिए डाक विभाग में निकलीं भर्ती, 63,200 रुपये होगी सैलरी

■ भोपाल, यशभारत।

डाक विभाग ने ऑर्डिनरी ग्रेड, जनरल सेंट्रल सर्विस, ग्रुप सी, नॉन गैजटेड, नॉन मिनिस्ट्रियल पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन रिक्तियों के लिए अप्लाई कर सकते हैं। डाक विभाग की इस भर्ती के लिए उम्मीदवार 31 मार्च 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। डाक विभाग की इस भर्ती परीक्षा में 18 से 27 साल तक की उम्र के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आरक्षित वर्गो के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।डाक विभाग की इस भर्ती के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो लाइट और हैवी व्हीकल का ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। मोटर मैकनिज्म की जानकारी होनी चाहिए।

## सड़क हादसे में व्यापारी की मौत

# 62 लाख 66 हजार मुआवजे का आदेश

■ भोपाल, यशभारत।

11 मील के पास मिसरोद होशंगाबाद रोड पर हुए एक सड़क एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले प्रायवेट कंपनी के मालिक के वारिसान को 62 लाख 66 हजार 524 रुपये की मुआवजा राशि मय 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के अदा किए जाने के आदेश अपर जिला जज विनय कुमार भारद्वाज की अदालत ने एक्सीडेंट करने वाले डंपर के मालिक , ड्राईवर और बीमा कंपनी दी न्यू इण्डिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को दिए हैं। अदालत ने मृतक के परिजनों की ओर से सीनियर एडवोकेट आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा याचिका दायर की गई। याचिका की सुनवाई के बाद आदेश दिए हैं। एडवोकेट सनी हिंगोरानी ने बताया कि आशिमा मॉल के पास मिसरोद भोपाल निवासी देवेश मिश्रा मेसर्स वायफाय ब्राडिंग एलएलपी कंपनी का संचालन करते थे। देवेश मिश्रा 11



जनवरी 2021 को रात के 12 बजे मोटर सायकिल से 11 मील जा रहे थे। इसी समय रांग साइड से आ रहे डंपर के ड्राईवर ने तेजी और लापरवाही से डंपर को चलाते हुए उनकी मोटर सायकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से देवेश मिश्रा गंभीर रुप से घायल हो गए थे। उन्हें घटना स्थल से इलाज के लिए 108 एंबूलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल मे इलाज के दौरान देवेश की मौत हो गई थी।

### मातम में बदली खुशियां

## बहन की हल्दी में नाचते-नाचते गिरा भाई और चली गई जान

**सिद्धार्थनगर, यश भारत।** दुल्हन की हल्दी के रस्म में नाच रहे भाई की अचानक मौत की खबर के बाद दुल्हन पूजा, अपने भाई के शव के पास बैठी रही। उसे एकटक देखकर रोती रही। शादी के बाद सुबह विदाई के समय दुल्हन अपने भाई के शव से लिपट कर दहाड़ मार कर रोती रही। वह रोते-रोते यही कह रही थी कि आंखें खोलो बाबू ! मैं जा रही हूं।सिद्धार्थनगर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां चिल्हिया कस्बे में शादी के दिन दुल्हन को हल्दी लग रही थी। खुशी में नाच रहे भाई की अचानक मौत हो गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों ने शव को घर में रखकर शाम के समय आए बरातियों का दिल पर पत्थर रखकर स्वागत किया और विवाह की रस्में पूरी कराकर दुल्हन और बरातियों को विदा कर दिया। उसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

# नकली-मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों के खिलाफ विशेष अभियान

### अब तक दूध और दूध से बने उत्पादों के 6184 नमूने संकलित

■ भोपाल, यशभारत।

नकली-मिलावटी दूध और उससे बने मावा, पनीर आदि दुग्ध उत्पादों की रोकथाम के लिए 2 मार्च से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दूध के शुद्धिकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि अभियान में अब तक दूध और दूध से बने उत्पादों के 6184 नमूने लिए गए हैं।

विशेष अभियान में नकली-मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों का निर्माण, संग्रह और विक्रय करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।नकली - मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों के निर्माण तथा विक्रय से जुड़े 2 संस्थानों के लाइसेंस निरस्त किए गए और 4 संस्थानों के विरुद्ध न्यायालय में



प्रकरण दर्ज कराए गए है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला और मैजिक बॉक्स से आमजन द्वारा दैनिक उपयोग में लिये जा रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों की मौके पर जाँच भी की जा रही है। साथ ही जिलों में संचालित दूध के कलेक्शन सेंटर, चिलिंग प्लांट, दूध का परिवहन करने वाले वाहन सहित मावा, पनीर, घी के खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की सघन जाँच भी जारी है।

# खिलाड़ियों को कोई असुविधा नहीं होगी: मुख्यमंत्री चौहान

### प्रदेश में होगा शूटिंग का वर्ल्डकप, प्रदेश की शूटिंग अकादमी है बेहतर

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। खेलों के लिए प्रदेश का बजट भी बढ़ाया गया है। खिलाड़ियों को कोई असुविधा नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की शूटिंग अकादमी बेहतर है। यहाँ शूटिंग का वर्ल्ड कप होगा। मुख्यमंत्री चौहान कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार-2023 कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री चौहान ने विभिन्न खेलों में उपलब्धि हासिल करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को पंख पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। खेल एवं युवा-कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, विधायक शैलेन्द्र जैन सहित खिलाड़ी और खेलप्रेमी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि



जिंदगी एक खेल है। हम सब खिलाड़ी हैं। जिंदगी को खेलों की तरह ही जीना चाहिए। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हम तीसरे स्थान पर रहे। हमारे खिलाड़ियों ने चमत्कार किया। उनकी लगन और मेहनस से हम पहले नम्बर पर भी आ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बंसल न्यूज को खिलाड़ियों के लिए पंख खेल पुरस्कार स्थापित करने के लिए साधुवाद दिया।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों को अच्छे कोच, सामग्री और मैदान मिले, इसलिए खेल बजट को बढ़ाया गया है। खिलाड़ियों को असुविधा न हो और वे अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर स्वस्थ रखने के लिए खेल जरुरी है। खेल आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है।

## दिव्यांगों को भी तीर्थ दर्शन कराएगी सरकार, विधायकों की स्वेच्छानुदान राशि 25 लाख बढ़ाकर 75 लाख की

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम खौरात में नहीं, जनता के समर्थन की सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार ने गरीबों का सहारा बंद किया था। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों के लिए तीर्थ दर्शन योजना शुरू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम खौरात में नहीं, जनता के समर्थन की सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार ने गरीबों का सहारा बंद किया था। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों के लिए तीर्थ दर्शन योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में प्रदेश के लिए सरकारी स्कूलों में 6वीं से 12वीं तक पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की अलग मेरिट सूची बनाई जाएगी। जिनके लिए प्रदेश के एमबीबीएस और बीडीएस के कॉलेजों में प्रवेश के लिए पांच प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएगी। इसके लिए विशेष अधिनियम का निर्माण किया जाएगा।



## लाडली बहना योजना में पात्र महिलाओं का प्राथमिकता से करें आधार पंजीयन

### अधिकारियों ने किया आधार केंद्रों का निरीक्षण

■ इंदौर, यशभारत।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देश पर जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्रीमती अंकिता पोरवाल एवं सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्री राकेश कुमार द्वारा आज मंगलवार को देपालपुर ब्लॉक में संचालित बैंक /पोस्ट ऑफिस/ महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सीएससी के आधार केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाडली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं का प्राथमिकता के आधार पर आधार पंजीयन/ संशोधन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिक सुविधा केंद्र (सीएससी) को हितग्राहियों का समग्र दृ्य4ष् करने में आ रही समस्याओं का अवलोकन कर वरिष्ठ स्तर पर प्रेषित किया गया।

### तैयारी

### विधानसभा में मंत्री ने दी जानकारी

# डॉक्टरों के पद भरने के प्रयास जारी : डॉ.चौधरी

■ भोपाल, यशभारत।

**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में जानकारी दी कि प्रदेश के अस्पतालों में खाली डाक्टरों के पदों को भरने के प्रयास जारी है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यह जानकारी उन्होंने कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में डॉ चौधरी ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर सरकारी अस्पतालों को निजी हाथों में सौंपने की वर्तमान में ऐसी कोई योजना नहीं है।**

उन्होंने कहा कि भविष्य इस पर विचार किया जा सकता है। चर्चा में भाग लेते हुए संसदीय कार्यमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि विभागीय मंत्री जी एवं मैं स्वयं इसके लिए मुख्यमत्री जी से चर्चा करेंगे। इससे पहले मूल प्रश्नकर्ता सदस्य लक्ष्मण सिंह ने आयुष्मान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे लोगों का भला हो रहा है। यह योजना अच्छी लेकिन इसमें भी भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने अव्यवस्था के शिकार हो रहे सरकारी अस्सालों को पीपीपी मोड पर निजी हाथों में सौंपने की मांग की ताकि क्षेत्रीय लोगों को इलाज मिल सके। इस पर डॉ मिश्रा ने आश्वासन दिया कि इस पर विचार किया जाएगा।



### सैंपल लेने मीडिया को लेकर नहीं जाते अधिकारी

## विधायक ने विधानसभा में लगाया दुकानदारों को बदनाम करने का आरोप

भोपाल । लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि खादय पदार्थो के सेंपल लेने के लिए अधिकारी मीडिया को लेकर नहीं जाते। यह बात उन्होंने प्रश्नोत्तरकाल के दौरान विधायक सुबेदार सिंह सिकरवार रजौधा द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा व्यापारियों को बदनाम करने की कतई नहीं है। उन्होंने यह भी जानकारी दीकि सैंपल दो तरह के लिए जाते हैं। सैंपल लेने के बाद प्रयोगशाला में भेजते है परीक्षण उपरांत सैंपल गलत पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इससे पूर्व विधायक सुबेदार सिंह सिकरवार रजौधा द्वारा सालों से पदस्थ पुराने अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों की मंशा ठीक नहीं होती है। वे लोग मीडिया को लेकर दुकानों पर सैंपल लेने जाते है भीड जमा करते हैं। इससे व्यापारी बदनाम होते है और उनका धंधा चौपट हो जाता है। उन्होंने सरकार से इस पर बंदिश लगाने की मांग की । मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने उन्हें भरोसा दिलाया की सरकार इस पर विचार करेगी।

# कमल नाथ बोले, 7 माह बचे हैं फिर सबकी मांगें पूरी की जाएंगी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा में सीएम राइज स्कूल उनके क्षेत्रों में खोलने की पक्ष और विपक्ष के सदस्य मांग करने लगे तो पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि ज्यादा दुखी न हों, सात माह बचे हैं फिर सबकी मांगें पूरी की जाएंगी। प्रदेश की जनता जानती है कि अस्पताल में डाक्टर और स्कूल में शिक्षक नहीं हैं। खंभे हैं, उनमें तार भी हैं लेकिन बिजली नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि इसे ही दिवा स्वप्न कहते हैं। आप कुछ भी कह लें, जनता जवाब देगी। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने सोनकच्छ में सीएम राइज स्कूल



खोलने का प्रस्ताव आने और बाद में उसे हटाए जाने को लेकर आपत्ति जताई और स्कूल खोलने की मांग की। इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि ब्लाक मुख्यालय पर भी सीएम राइज स्कूल खोलने की प्रक्रिया चल रही है।

### कांग्रेस ने किया बहिर्गमन

बीबीसी के विरुद्ध विधानसभा में निंदा का संकल्प पारित कराने के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार को बहिर्गमन किया। नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह ने सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही कहा कि सर्वसम्मति से संकल्प पारित नहीं हुआ। मैंने विरोध किया था। संकल्प भी नियम विरुद्ध तरीके से रखा गया। सरकार तानाशाही कर रही है, हम इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि शून्यकाल में कोई विषय उठाया जाता है तो उसे संकल्प बनाने की एक प्रक्रिया है, लेकिन सत्तापक्ष द्वारा नियम-प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

## लंबित प्रकरणों की सुनवाई के बाद अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# वाल्व की मरम्मत कर सुनिश्चित करें जलापूर्ति

**कटनी,यशभारत।** जनसुनवाई (स्थानीय समाधान) का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को दोपहर 12 बजे किया गया। स्थानीय समाधान की सुनवाई के दौरान रैंडमली तौर पर 100 शिकायतों का चयन किया गया था। चयनित शिकायतों में जिसमें 52 शिकायतें संतुष्टि से बंद 03 मांग क्लोजर तथा 45 शिकायतें लंबित पाई गई। लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में अपर कलेक्टर श्री रोमानुस टोप्पो द्वारा प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग अंतर्गत मोहम्मद के नामांतरण संबंधी लंबित शिकायत में शिकायकर्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर निजी भूमि पर अवैध कब्जा की जांच किये जाने के निर्देश तहसीलदार कटनी नगर को दिये गये, अमित कुमार की नामांतरण संबंधी अपील न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ में लंबित होने के कारण उक्त अपील का नियमानुसार अतिशीघ्र निराकरण कराये जाने के निर्देश एसडीएम राजस्व विजयराघवगढ को दिये गये।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत विजय पटेल पेयजल सप्लाई नहीं किये जाने की शिकायत पर सुनवाई की जाकर खराब वाल्व को 15 दिवस में सुधार कार्य कराया जाकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री पीएचई को दिये गये। सिविल नगर निगम अंतर्गत आरिफ्त नवीर की शिकायत में शासकीय नालियों पर अतिक्रमण संबंधी शिकायत में शीघ्र जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश आयुक्त नगर निगम कटनी को दिये गये। पकंज श्रीवास्तव की नाली निर्माण संबंधी लंबित शिकायत में आयुक्त निगम कटनी को निर्देशित किया गया कि 07 दिवस के अंदर कालोनी का मास्टर प्लान में नाली का प्रावधान की जानकारी प्रदाय करने एवं आवेदक द्वारा स्वंय नाली निर्माण कराना चाहता है तो उपस्थित होकर आवेदक को कालोनी की मूल नालियों से पानी निकासी हेतु जुड़वाने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान शिकायत को मांग आधारित होने पर निराकरण दर्ज करना अनुचित बताया जाकर शिकायत का पूर्ण परीक्षण उपरांत गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। अजय श्रीवास्तव की लंबित शिकायत में डन कालोनी विवादित होने के कारण चोक नाले को खुदवाकर पानी निकासी तथा मच्छर हेतु दवाई के छिड़काव, एवं जिन लोगों के द्वारा अवरोध उत्पन्न किया गया है, उसे भी हटाया जाकर साफ-सफाई 07 दिवस में कराये जाने के निर्देश आयुक्त नगर निगम कटनी को दिये गये। जिला अस्पताल अंतर्गत अशोक (गोविंद साहू) की लंबित शिकायत में डाक्टर द्वारा सोनोग्राफी न किये जाने की जांच हेतु 03 सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराये जाने के निर्देश सीएमएचओ कटनी को दिये गये।



# अनियमितता देख महापौर ने उपयंत्री को लगाई फटकार

### टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर नए टेंडर बुलाए जाने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार की दोपहर उपनगरीय क्षेत्र के बाबा नारायण शाह एवं हेमूकलानी वार्ड का दौरा कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया एव मौके पर उपस्थित नगर निगम के उपयंत्री पवन श्रीवास्तव को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए साथ ही प्रस्तावित कार्यों का उपयंत्री द्वारा महापौर प्रीति संजीव सूरी से निरीक्षण कराया गया। जिसमें प्रस्तावित निर्माण कार्य बाबा नारायण शाह वार्ड एवं हेमूकलानी वार्ड में डामरीकरण कार्य की फाइल मौके पर रखकर महापौर द्वारा उसका अध्ययन किया जिसमें प्रस्तावित फाइल के अंदर अनियमितता पाई गई जिससे नाराज महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने उपयंत्री पवन श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगाते हुए सही इस्टीमेंट बनाने के लिए एवं टेंडर की प्रक्रिया को निरस्त करने एवं पुनः नए तरीके से सही इस्टीमेंट बनाकर टेंडर जारी करने कहा आयुक्त नगर निगम को संबंधितो के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर विकास में होने वाले किसी भी कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा होने वाले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए तय मापदंडों के अनुसार ही कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्रीमती सुमन राजू मखीजा पार्षद श्याम पंजवानी श्रीमती सीमा श्रीवास्तव समाजसेवी नरेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनता जनार्दन की उपस्थिति रही।

## शिविर लगाकर वसूल रहे जलकर एवं संपत्तिकर




**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 23 समाप्ति के मात्र चंद दिवस शेष होने के कारण निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत नगर निगम स्थित कंप्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयो के अलावा दिनांक 14 मार्च को दुर्गा चौक में शिविर लगाकर 350 रसीदो के माध्यम से 11 लाख की राशि वसूली गई। शिविर का आयोजन प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के गणमान्य नागरिकों प्रबुद्ध जनों से संपत्तिकर जमा कर शहर के विकास में सहभागिता निभाने की अपील की है। आयुक्त नगर पालिक निगम सत्येंद्र सिंह धाकरे ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया है।

# श्रमदान कर ग्रामवासियों को पढ़ा रहे स्वच्छता का पाठ





### खलवारा गांव में श्रमधाम कॉलेज का रासेयो शिविर

**कैमोर,यशभारत।** कैमोर नगर के समीप स्थित खलवारागांव में इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं का शिविर लगा हुआ है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस शिविर का शुभारंभ बीते 11 मार्च को हुआ था। उदघाट्न समारोह में ग्राम पंचायत की सरपंच चांदनी मिश्रा एवं जनपद सदस्य भूपेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो अशोक मराठे एवं प्रो आर पी सिंह के निर्देशन में आयोजित शिविर में छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के के चन्द्रा तथा महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ आशा तिवारी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हो रहा। कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक विष्णु तिवारीएभूपेंद्र अवस्थी एवं खेल प्रशिक्षक सुदीप पयासी की देखरेख में छात्र-छात्राएं जहां श्रमदान कर आधे अधूरे विकास कार्यो को पूरा करने में अपना योगदान दे रहे वहीं ग्रामीणों को स्वच्छता का पाठ भी पढ़ा रहे। अपने घर और अपने गांव को कैसे साफसुथरा रखना चाहिए। अलग अलग प्रकार के कचरे का निष्पादन कैसे करना चाहिए इन सबकी जानकारी ग्रामवासियों तक कभी पोस्टर बैनर के जरिये तो कभी दीवारों में लिखे नारों के माध्यम से पहुंच रही। दिन में श्रमदान और जागरूकता अभियान के बाद सायंकाल शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो रहा जिसमें गीत- संगीत और अभिनय के जरिये ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा। रासेयो के छात्र-छात्राएं इसी बहाने जहां समाजसेवा का पाठ सीख रहे वहीं उनकी कला प्रतिभा भी निखर रही। सुबह प्रभात फेरी से छात्र-छात्राओं का अभियान शुरू होता है। देर शाम तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र- छात्राएं ग्रामीणों के सीधे संपर्क में रहकर उन्हें जागरूक बना रहे। शिविर 17 मार्च तक चलेगा।



# निवार में गोबर के कंडे बनाने की फैक्ट्री बन गया सरकार द्वारा निर्मित हॉट बाजार

### सरपंच की लापरवाही की अनोखी मिशाल

**कटनी, यशभारत।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र ग्राम पंचायत पहाड़ी निवार अनेको ग्रामों के रास्ते को जोड़ता है सरकार नें ग्रामीणों की सुविधा की दृष्टि से हॉट बाजार का निर्माण तो लाखों की कीमत से करा दिया परंतु यहॉ के ग्राम पंचायत पहाड़ी निवार सरपंच अर्चना ब्रजनंदन पटेल की माने तो बाजार खेल मैदान में लगाया जाता है। सरपंच की लापरवाही का यह जीता जागता नमूना ग्राम पंचायत पहाड़ी निवार में देखने को मिला जहॉ सरकार के द्वारा निर्मित हॉट बाजार में गोबर के कंडे बनाने का कार्य किया जा रहा है ग्रामीणों का कहना सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली सुविधाओं का लाभ उन्हे नही मिलता सरपंच का चुनाव जीतने के बाद से ग्रामीणों पर से ध्यान हट गया है, ग्रामीणों का कहना है महिला सीट होने के चलते सरपंच पद पर वोट तो अर्चना पटेल को दिया गया परंतु यहॉ की सरपंची सरपंचपति ब्रजनंदन पटेल अपने हिसाब से चला रहे ऐसे में महिला सरपंच होने की क्या फायदा यह तो ग्रामीणों के साथ छल था।

# शासकीय तिलक कालेज में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित





**कटनी, यशभारत।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय हरित कोर योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके खरे के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया तथा विद्यार्थियों ने वन्य जीव संरक्षण के बारे में विस्तार से निबंध में रेखांकित किए। विद्यार्थियों ने लिखा है कि हमारे वन्यजीव जो कि वर्तमान समय में बहुत ही तीव्र गति से विलुप्त होते जा रहे हैं ,जिसका कारण मानव जीवन की गतिविधियां हैं तथा वन्य जीव संरक्षण के महत्व को विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों ने रेखांकित किया। विद्यार्थियों ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण न करने पर कई प्रकार की हानियां होंगी। जिसके लिए मानव ही जिम्मेदार होंगे। इस पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राचार्य एस के खरे, इको क्लब प्रभारी श्रीमती ज्योत्सना आठ्या, डॉ माधुरी गर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आर पी सिंह जिला संगठन एनएसएस जिला कटनी, डॉक्टर ज्ञानेंद्र मोहन श्रीवास्तव, डॉक्टर सूची सिंह, विनोद कुमार लोधी, विक्रम सिंह, अभिषेक तिवारी, मेघा विश्वकर्मा, बंदना बर्मन, संचिता तिवारी, भारती विश्वकर्मा, पूर्णिमा त्रिपाठी, प्रियंका दुबे, श्रेया सिंह, तुषा मेहरा, सृष्टि तिवारी, सुनैना मिश्रा, माधुरी रजक, मधु पटेल, देवकी चौधरी, सपना विश्वकर्मा, आदि विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता में सक्रिय योगदान रहा।



# वार्डो में शिविर लगाकर हितग्राहियों का किया जा रहा ई-केवाईसी

**कटनी,यशभारत।** कटनी मध्यप्रदेश शासन की जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ हर पात्र महिला हितग्राही को मिले इसी मुख्य उद्देश्य से नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा आम जनता की सुविधा को देखते हुए शहर के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर मौके पर ईकेवाईसी करने के दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं। जिसके तहत 14 मार्च को नगर निगम के अलावा शहर के प्रथक प्रथक स्थानों में शिविर लगाकर हितग्राहियों का ईकेवाईसी का कार्य प्रारंभ किया गया।

तो वहीं निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने नगर पालिक निगम सीमाक्षेत्र में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के उचित क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त पीके अहिरवार के मार्गदर्शन में विभिन्न वार्डों में दल गठित कर के सभी कर्मचारियो को वार्डो में भ्रमण कर ऐसे हितग्राही जिनका सामग्र ईकेवाईसी नहीं हुआ है उनका ईकेवाईसी मौके पर ही कर आधार अपडेशन एवं बैंक से आधार लिंक की कार्रवाई संपादित करने निर्देशित किया है तथा इसके अलावा पात्र हितग्राहियों की जानकारी गूगल फार्म एवं प्रिंटेड आवेदन फार्म में अंकित करने के निर्देश भी दिए हैं। 14 मार्च को नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर के माध्यम से हितग्राहियों का ईकेवाईसी किया गया। मंगलवार को प्रारंभ हुये ईकेवाईसी कार्य की सतत मॉनीटरिंग उपायुक्त पी के अहिरवार द्वारा की जा रही है एवं उनके द्वारा तकनीकी समस्याओं का निराकरण भी त्वरित रूप से किया जा रहा है।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा जुम्बा, डांस



**कटनी,यशभारत।** सनशाइन एकेडमी राहुल बाग में समर कैंप का समापन हुआ इस समर कैम्प में बच्चों को वैदिक मैथ, आर्ट एंड क्राफ्ट , कर्सिव राइटिंग, जुंबा, डांस फोनिक्स व गुड व बैड टच के जानकारी दी गाय जो कि बच्चों के लिए अति आवश्यक है आदि का ज्ञान दीया गया बच्चों को इन एक्टविटी के जरिए बच्चों का दिमाग क्रिएटिव होता हैए जो घर के वातावरण में रहकर नहीं हो सकता। क्रिएटिविटी से एक अलग ही प्रसन्नता मिलती है। बच्चे आत्मनिर्भर बन जाते हैं, उनमें सामाजिक गतिविधियों का ज्ञान विकसित होता है उनमें एक सकारात्मक ऊर्जा विकसित होती है बच्चों में आगे कुछ करने की जिज्ञासा उत्पन्न होती है और बच्चे का मानसिक विकास अच्छे से विकसित होता है और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है इस समर कैंप से बच्चों के साथ साथ अभिभावक भी अति उत्साहित नज़र आए स्कूल की निर्देशिका श्रीमति जूही जैन जी की उपस्थिति बनी रही और उन्होंने बच्चों की सराहना की।

**Presiding Officer :- श्री राजकुमार यादव**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

**(UN CIV/0000002/2023)**

**अभिलाषा ताम्रकार .........................वादी**

**Vs**

**मिथलेश ताम्रकार .............................प्रतिवादी**

**Process Id-/2023**

**पेशी दिनांक :- 24/04/2023** **प्रो.क्र. 376/23**

**प्रेषिती - (1) आम जनता पता- कटनी जिला कटनी म.प्र.**

यह कि प्रार्थी **अभिलाषा ताम्रकार** ने आपके विरूद्ध **सिविल अपील** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **03 मार्च 2023** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

न्यायालय की मुद्रा

**न्यायाधीश- (राजकुमार यादव)**
**नवम जिला न्यायाधीश कटनी (म.प्र.)**

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 9th March 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# वनडे में टीम इंडिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी, कैसे हैं हेड टू हेड के रिकॉर्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार, 17 मार्च को वानखेड़े में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच वर्ल्ड कप की तैयारियों के नजर से बेहद अहम है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट सीरीज को टीम इंडिया ने 2-1 से जीत लिया। अब बारी वनडे सीरीज की है। सीरीज का पहला मैच में कप्तान रोहित शर्मा नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में हार्दिक पांड्या टीम के कप्तान के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को संभालते नजर आएंगे। वानखेड़े में दोनों टीमों के बीच अंतिम मुकाबला जब खेला गया था तब टीम इंडिया को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। वानखेड़े में होने वाले इस हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले आइए वनडे में दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड आंकड़ों पर एक नजर डालें।

### वनडे में कैसे हैं हेड टू हेड आंकड़े

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक कुल 143 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कुल 80 वनडे मुकाबले जीते हैं और भारत को 53 मैचों में जीत हासिल हुई है। वहीं दोनों टीमों के बीच 10 मुकाबले नॉट रिजल्ट रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साल 2020 में अंतिम वनडे सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से जीत लिया था। इस सीरीज में टीम इंडिया के पास अपने इन आंकड़ों के सुधारने का एक अच्छा मौका है।

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज का शेड्यूल

- पहला वनडे - 17 मार्च, वानखेड़े स्टेडियम मुंबई
- दूसरा वनडे - 19 मार्च, वाई एस राजा रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम विशाखपटनम
- तीसरा वनडे - 22 मार्च, एम ए चिदंबरम स्टेडियम बैंगलौर
- वनडे सीरीज के लिए दोनों टीमों के स्क्वॉड

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

### पहले वनडे में रोहित की गैरमौजूदगी में हार्दिक पंड्या करेंगे कप्तानी

ऑस्ट्रेलिया- स्टीव स्मिथ (कप्तान) सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मारनस लाबुस्चगने, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जैम्पा।

# ऑस्ट्रेलिया के जड्डू से मिला असली जड्डू तो कुहनेमन का दिल बाग-बाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में आकर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत करने वाले ऑस्ट्रेलियाई लेफ्टआर्म स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन काफी खुश हैं. इस दौरे पर उन्होंने अपने करियर की शानदार शुरुआत की और 3 टेस्ट मैच खेलकर 9 विकेट भी अपने नाम किए. उन्होंने अपने दूसरे ही टेस्ट में अपने करियर का पहला फाइव विकेट हॉल भी ले लिया और यह उनके फर्स्ट क्लास करियर की बेस्ट बॉलिंग भी साबित हुई. कुहनेमन को ऑस्ट्रेलिया का 'रवींद्र जडेजा' कहा जाता है और जब वह असली रवींद्र जडेजा के साथ यहां खेल रहे थे तो उन्होंने उनसे भी बॉलिंग के गुर सीखने की इच्छा जताई. जडेजा ने भी उन्हें निराश नहीं किया और उन्हें बॉलिंग के कुछ जरूरी टिप्स देकर यहां से विदा किया. कुहनेमन रवींद्र जडेजा की ही तरह स्लो लेफ्टआर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिन गेंदबाज हैं. उनका बॉलिंग एक्शन भी जडेजा से मिलता है इसलिए उनकी घरेलू टीम के साथी खिलाड़ी भी उन्हें 'जड्डू' कहते हैं. इंदौर टेस्ट में भारत की पहली पारी सिर्फ 109 रनों पर सिमट गई थी, इसमें ऑस्ट्रेलिया के जड्डू का रोल अहम था, जिन्होंने सिर्फ 16 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए. भारत यह टेस्ट मैच हार गया और इस मैच के बाद ही कुहनेमन ने रवींद्र जडेजा ने अपने लिए कुछ टिप्स मांगे. उन्होंने इंदौर टेस्ट खत्म होने के बाद ही जड्डू को पकड़ लिया और उनसे पूछा कि क्या मेरे लिए आपके पास कुछ टिप्स हैं. अब भारतीय टीम पहले ही इस गेंदबाज के जलवे से परेशानी में आई थी तो जडेजा ने खेल की मर्यादा रखते हुए उन्हें यही कहा कि टिप्स तो जरूर हैं लेकिन वह उन्हें अभी नहीं यह सीरीज खत्म होने के बाद देंगे. इसके बाद जैसे ही अहमदबाद टेस्ट मैच सोमवार को ड्रॉ के साथ खत्म हुआ तो रवींद्र जडेजा कुहनेमैन से बात करने पहुंच गए. कुहनेमन ने ऑस्ट्रेलियन असोसिएट्स प्रेस को बताया, 'रवींद्र जडेजा ने सीरीज खत्म होने के तुरंत बाद ही मुझसे करीब 15 मिनट बात की. हमने गेंदबाज पर सभी तरह की बात की और उन्होंने मुझे कुछ बेहतरीन टिप्स दिए, जो अगली बार भारतीय उपमहाद्वीप के दौरे पर मेरे लिए काम के साबित होंगे बल्कि कुछ तो ऑस्ट्रेलिया में भी कारगर साबित होंगे, जिन पर मैं अभी से अभ्यास शुरू कर दूंगा.' दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कुहनेमन क्वींसलैंड के लिए खेलते हैं और उन्होंने बताया कि जब उन्होंने साल 2021 में अपनी घरेलू टीम के लिए शेफील्ड शील्ड में डेब्यू किया था, तभी से उनके साथी खिलाड़ी उन्हें जड्डू के नाम से बुलाने लगे और मैं भी रवींद्र जडेजा का बहुत बड़ा फैन हूं. इस गेंदबाज ने बताया कि जडेजा मेरे साथ-साथ टॉड मर्फी और हमारे स्पिन किंग नाथन लियोन से बेहद प्रभावित थे और उनके मुंह से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तारीफ सुनकर अच्छा लगा।



# बुमराह को भी आराम की जरुरत : आमिर

**लाहौर (ईएमएस)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अपनी पीठ की चोट का ध्यान रखना चाहिये। आमिर के अनुसार अगर वह ऐसा नहीं करते तो उनका करियर भी समाप्त हो सकता है। पाक तेज गेंदबाज के अनुसार बुमराह ने सभी प्रारुपों में काफी क्रिकेट खेला है और उन्हें आराम की भी जरुर है क्योंकि वह भी इंसान हैं। बुमराह हाल ही में हुई पीठ की सर्जरी के कारण आईपीएल और जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं खेल पायेंगे। आमिर ने कहा, मुझे क्या लगता है कि बुमराह ने लगातार सभी प्रारूपों में क्रिकेट खेला और फिर आईपीएल में भी खेला। वह साल भर क्रिकेट खेलता है। वह इंसान है। दिन के अंत में शरीर थक जाता है और आराम जरुरी होता है। मैं हमेशा कहता हूं कि एक गेंदबाज के लिए पीठ और घुटने की चोटें ऐसी दो चोटें हैं जो मैं अपने दुश्मन के लिए भी नहीं चाहूंगा। इससे क्रिकेटरों का करियर तक समाप्त हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह वह मजबूत है और ठीक हो रहा है। उन्होंने कहा, जिस भारतीय गेंदबाज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया है, वह मोहम्मद सिराज हैं। अगर आप हाल के दिनों पर ध्यान दें तो वह किसी भी प्रारूप में सबसे बेहतर गेंदबाज हैं। उसके साथ आपको 1-2 युवा गेंदबाजों को तैयार करने की जरूरत है क्योंकि लगभग एक या दो साल में मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी भी एक ही प्रारूप में खेल पायेंगे। उन्होंने गेंदबाजी विकल्पों को लेकर कहा कि अर्शदीप सिंह रेड-बॉल क्रिकेट में वास्तव में एक अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि वह गेंद को दोनों तरह से स्विंग कर सकता है।



### भाई रिकी पोंटिंग के पास कितना पैसा है...

# अब क्रिकेट नहीं खेलते फिर भी खरीद लिया 150 करोड़ रुपये का मकान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर के इंटरनेशनल क्रिकेटर अपने खेल के साथ-साथ लग्जरी लाइफ के लिए भी जाने जाते हैं। ऐसा ही कुछ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग के साथ भी है। रिकी पोंटिंग दुनिया से सबसे अमीर क्रिकेटरों में से एक हैं। रिकी पोंटिंग ने मेलबर्न के सबसे पॉश इलाके में एक घर के लिए लिए 20 मिलियन डॉलर खर्च कर दिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के अनुसार इस घर को उसकी तय कीमत से ऊपर खरीदा गया। इस घर की कीमत 20.6 मिलियन डॉलर है लेकिन पोंटिंग ने इसे 20.75 मिलियन डॉलर में खरीदा है।





### पोंटिंग के पास पहले से हैं कई मकान

द एज के अनुसार, पोंटिंग ने जो मकान खरीदा है वह 1400 वर्ग मीटर पर स्थित है और यह घर ओपन-प्लान इनडोर-आउटडोर लिविंग रूम और एक मॉडर्न किचन है। यह पोंटिंग का पहला आलीशान मकान नहीं है। उनके पास इसके अलावा भी कई अन्य मकान है। उन्होंने साल 2013 में ब्राइटन के समुद्र तट के पास एक मकान खरीदा था, जिसकी कीमत उस वक्त 9.2 मिलियन डॉलर की थी। ब्राइटन में स्थित उनके घर का नाम ÷गोल्डन माइल÷ है। इस मकान में सात बेडरूम, आठ बाथरूम, एक प्राइवेट थिएटर और समुद्र तट तक जाने के लिए निजी लेनवे शामिल हैं। उनके पास 3.5 मिलियन डॉलर की पोर्ट्सिया हाउस भी हैं। जिसे उन्होंने 2019 में खरीदा था।

### पोंटिंग का करियर


रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन वर्ल्ड कप जीत चुके हैं। जिनमें से दो को उन्होंने कप्तान के रूप में जीता था। पोंटिंग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उन्होंने साल 2000 में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभाली थी। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने वनडे और टेस्ट जैसे फॉर्मेट में राज किया। वह अब तक के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में आंके जाते हैं। पोंटिंग ने 168 टेस्ट मैचों में 51.85 के औसत से 41 शतकों के साथ 13,378 रन बनाए। 374 एकदिवसीय मैचों में, पोंटिंग ने 41.81 की औसत से 29 शतकों के साथ 13,589 रन बनाए। नवंबर 2012 में रिटायरमेंट लेने के बाद से, पोंटिंग ने अपनी कमेंट्री के लिए मशहूर होने के अलावा एक कोच के रूप में कई टीमों के साथ काम किया है। उन्होंने मुख्य कोच के रूप में मुंबई इंडियंस को 2015 आईपीएल जीतने में मदद की थी और समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को कोचिंग देने में भी मदद की है। पोंटिंग 2018 से आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो पोंटिंग जिस भी क्षेत्र में गए उसमें उन्होंने कमाल किया।

## रंग संसार

# अजय देवगन से फैन ने पूछा क्यों करते हैं तब्बू के साथ हर फिल्म? जानिए एक्टर ने दिया क्या जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड स्टार अजय देवगन के फैंस इन दिनों काफी खुश हैं क्योंकि जल्द ही उनकी फिल्म भोला सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अजय और तबू लगातार अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। लेकिन अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए अब अजय देवगन ने शाहरुख खान का आइडिया चुराया है। उन्होंने फैंस के सवालों के जवाब देने के लिए ट्विटर पर #AskBholaa (आस्क मी एनिथिंग) सेशन होस्ट किया। इस सेशन में अजय देवगन ने फैंस के दिलचस्प सवालों के मजेदार जवाब दिए।





### क्या भोला में कई सारे कैमियोज हैं?

जब से भोला का ट्रेलर आया है यह बात भी सामने आ रही है कि फिल्म में कई स्टार्स के कैमियो देखने को मिलेंगे। ऐसे में एक फैन ने अजय देवगन से सीधे उनकी फिल्म को लेकर चल रही एक अफवाह को लेकर सवाल किया। फैन ने पूछा, सुना है भोला में कई सारे कैमियोज हैं? कुछ बताओ न। इस सवाल के जवाब में अजय देवगन ने कहा, मैंने भी कुछ ऐसा ही सुना है।

### क्यों करते हैं तब्बू के साथ फिल्में?

अजय देवगन और तब्बू बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर जोड़ियों में शुमार हैं। विजय पथ से लेकर दृश्यम 2 तक दोनों ने कई ब्लॉकबस्टर दी हैं। ऐसे में एक बार फिर ये दोनों भोला में नजर आने वाले हैं। इसलिए एक फैन ने सवाल किया कि आप हर फिल्म तब्बू के साथ करते हैं, कोई खास वजह? इसके जवाब में अजय ने सिंपल जवाब देते हुए लिखा, डेट्स मिल गए उसके

### जानिए अजय का फिटनेस मंत्र

इस सेशन में अजय देवगन से जब शाहरुख खान के बारे में कुछ कहने को बोला गया तो उन्होंने लिखा आइ लव शाहरुख। जाहिर है अजय देवगन के इस जवाब ने पठान के फैंस का दिल जीत लिया है। एक ने पूछा, इस उम्र में आप इतने फिट कैसे हो? जिसके जवाब में अजय बोले, मैं खाना और दिमाग सही मात्रा में खाता हूं।

### 30 मार्च को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म भोला को अजय ने प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साउथ फिल्म कैथी का ऑफिशियल हिंदी रीमेक हैं। एक बार फिर इस मूवी में अजय के साथ तब्बू स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। लेकिन अजय के अपोजिट फिल्म में अमला पॉल हैं। शायद इस बार भी अजय और तब्बू की तकरार ही सामने आएगी। ये फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# प्रेमी निखिल पटेल से शादी करने जा रही दलजीत कौर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलजीत कौर टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे फेमस अभिनेत्री में से एक हैं। फिलहाल वह अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर को जी रही हैं। दलजीत मार्च 2023 में अपने प्रेमी निखिल पटेल से दूसरी बार शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दलजीत ने जनवरी 2023 में निखिल से सगाई की। हाल ही में, दलजीत को अपने दोस्तों से एक सुंदर ब्राइडल शॉवर मिला और इसकी झलक उनकी इंस्टा प्रोफाइल पर देखने को मिली। चूंकि दलजीत अपनी शादी के बाद अपने परिवार के साथ अफ्रीका जा रही हैं, इसलिए वह अपने दोस्तों के साथ भारत में बचे हुए समय का पूरी तरह से आनंद ले रही हैं। 11 फरवरी, 2023 को, दलजीत कौर ने अपने इंस्टा पर अपनी शादी की खरीदारी की झलकियां शेयर कीं। वीडियो में दलजीत को अपने नए खरीदे हीरे के नोज स्टड को फ्लॉन्ट करते हुए देखा जा सकता है। दलजीत ने एक खूबसूरत ड्रेस को चुना, जिसमें पिंक और नीले रंग का टैंक टॉप और तंग-फिट पैंट थे।



# आलिया भट्ट के 1 साल में चमके किस्मत के सितारे, एक्ट्रेस की झोली में हुई खुशियों की बरसात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की सुपर टैलेंटेड एक्ट्रेस आलिया भट्ट आज अपना 30वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर कपूर खानदान ने अपनी बहू आलिया के लिए स्पेशल तैयारी कर रखी है। 15 मार्च 1993 को जन्मीं आलिया भट्ट के लिए बीता एक साल बहुत अच्छा साबित हुआ है। इस एक साल में आलिया की किस्मत के सितारे ऐसे चमके हैं कि उन्हें वो सब कुछ मिल गया, जिसकी चाहत लोग रखते हैं। आलिया भट्ट के बीते बर्थडे से लेकर इस बार के बर्थडे तक बहुत कुछ ऐसा हुआ है जिसे जानकर आप भी कहेंगे कि आलिया भट्ट के सितारे बुलंदी पर हैं।

### आलिया ने 14 अप्रैल को रचाई थी शादी

आलिया भट्ट ने बीते साल 14 मार्च को अपना बर्थडे बहन और मां के साथ सेलिब्रेट किया था। जिसके ठीक 1 महीने के बाद यानी 14 अप्रैल को आलिया भट्ट ने अपने प्यार रणबीर कपूर संग ब्याह रचा लिया था। दोनों की शादी उनके घर से हुई और इसमें करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल हुए थे। शादी के कुछ ही महीनों में आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर शेयर की थी। इसके साथ ही आलिय भट्ट ही पहली हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग भी उन्होंने प्रेग्नेंसी के साथ ही पूरी की। इस बीच आलिया ने खुद का एक कपड़ों का ब्रांड भी लॉन्च किया था।

### आलिया भट्ट ने जीता बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

आलिया की प्रेग्नेंसी के दौरान ही उनकी और रणबीर कपूर की पहली फिल्म ब्रह्मास्त्र सितंबर के महीने में रिलीज हुई। फिल्म का प्रमोशन आलिया भट्ट ने प्रेग्नेंसी के साथ ही किया था। फिल्म को दर्शकों से काफी अछा रिस्पॉन्स मिला था। आलिया भट्ट ने 6 नवंबर 2022 को बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर ने राहा कपूर रखा। बेटी के जन्म के बाद आलिया भट्ट को संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का दादासाहेब फाल्के और जी सिनेमा अवॉर्ड मिला। 1 साल के अंदर आलिया भट्ट की जिंदगी में बहुत बड़ी-बड़ी खुशियां आई हैं।

# जिला अस्पताल में नहीं हो रहे ऑपरेशन, प्राईवेट हॉस्पिटल में मरीजों को रिफर कर रहे डॉक्टर

## विधायक संजय पाठक ने सदन में बताई सरकारी अस्पतालों की सच्चाई

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने बुधवार को मप्र विधासनभा में जिला चिकित्सालय कटनी में आने वाले मरीजों को जांच की संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने एवं अस्पताल में हर तरह के आपरेशन न करते हुए निजी चिकित्सालयों में आपरेशन कर उनसे लूट का मुद्दा उठाया। विधायक संजय पाठक ने सदन में कहा कि शासन की सुविधाओं का लाभ सभी मरीजों को मिले। उन्होंने सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर्स के द्वारा मरीजों को निजी हॉस्पिटल्स भेजे जाने पर नाराजगी भी जाहिर की। सदन में विधायक संजय पाठक ने सरकारी अस्पतालों की सच्चाई बताते हुए कहा कि ओपीडी से संबंधित मरीजों को सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर ऑपरेशन न करके उन्हें अपने निजी क्लीनिक में ऑपरेशन कराने के लिए कहते हैं। विधायक संजय पाठक ने कहा कि शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं बाह्य एवं आंतरिक रोगियों को मिलनी चाहिए, जबकि जिला चिकित्सालय में ऐसा नहीं हो रहा है। विधायक श्री पाठक ने सामान्य ऑपरेशन मरीजवार वर्षवार एवं विकासखंड वार की जानकारी भी मांगी है। उन्होंने अपने प्रश्न में जानना चाहा कि किसके आदेश पर मरीजों के आपरेशन जिला चिकित्सालय में न होकर मरीजों एवं उनके परिजनों को भ्रमित कर हर तरह के आपरेशन निजी चिकित्सालयों में किए जा रहे हैं एवं कौन-कौन सी सुविधाएं चिकित्सकों द्वारा बाह्य एवं आंतिरिक रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक के सवाल पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने प्रश्न के उत्तर में बताया कि जिला चिकित्सालय में रोगियों को प्रयोगशाला जांच, एक्सरे, सीजेरियन ऑपरेशन, माइनर ऑपरेशन, डायलिसिस, सीटी स्कैन आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिले में सामान्य आपरेशन बंद नहीं किए गए है।



**विधायक ने कहा : सरकार की सुविधाओं का मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ**

### सुविधाओं का लाभ जनता तक पहुंचे, इसी मंशा से लगाया प्रश्न



इसी प्रश्न के अनुपूरक प्रश्न में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने स्वास्थ्य मंत्री से पूछा कि कटनी जिला चिकित्सालय में शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ जनता तक पहुंचे, इसी मंशा से यह प्रश्न लगाया गया है। अनेकों मरीजों एवं परिजनों ने मुझे स्वयं बताया है, जो आपके उत्तर से भिन्न है। जिला चिकित्सालय में सामान्य सी जांच भी नहीं हो रही है। आने वाले मरीजों को भ्रम पैदा कर निजी चिकित्सालय में भेज दिया जाता है, जहां उन्हीं मरीजों से वही डॉक्टर मोटी रकम वसूल कर आपरेशन करते हैं। पिछले दिनों कलेक्टर द्वारा इसी तरह के केस में कतिपय डॉक्टर व एएनएम को नोटिस देकर प्रसूता को बाहर निजी चिकित्सालय रिफर न करने एवं चिकित्सालय में ही डिलेवरी कराने को कहा है । विधायक ने कहा कि मंत्री जी क्या आश्वासन देंगे कि जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को जांच, ऑपरेशन, डायलिसिस, सीटी स्कैन का लाभ निर्बाध रूप से मिले। प्रसूता की डिलेवरी जिला चिकित्सालय में हो, जिससे लोगों को निजी चिकित्सालय में जाने के लिए विवश न होना पड़े। ऐसा कृत्य करने वाले कतिपय डॉक्टर व एएनएम पर कार्यवाही का भी कोई निर्देश देंगे।

### पीएचई में भ्रष्टाचार का भी मुद्दा उठाया

विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विधानसभा में विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान ना रखकर ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य कर राशि निकाल रहे हैं। राज्य जल ग्रहण मिशन के अंतर्गत चलने वाले जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों में मझले टोलों को सम्मिलित नहीं किया गया है, जिससे सरकार की हर घर नल, हर घर जल, की मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। विधायक ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। क्षेत्र में भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। समय रहते नहीं चेते तो पेयजल की समस्या खड़ी हो जाएगी।



# पैंगोलिन की तस्करी करते पकड़े गए तस्कर

## टाइगर स्ट्राइक फोर्स की ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के खमतरा में दबिश

**कटनी, यशभारत। टाइगर स्ट्राइक फोर्स की टीम को बुधवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने मुखबिरों की सूचना पर पैंगोलिन की तस्करी करने वाले गिरोह को धरदबोचा। गिरोह के सात सदस्यों को ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र से पैंगोलिन की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपियों में जबलपुर के पुलिस आरक्षक अलिक जेंडर और शासकीय कॉलेज का लैब टेक्नीशियन ओमप्रकाश धुर्वे की भी संलिप्तता पाई गई है। ग्रामीणों के साथ ये दोनों भी वन्य प्राणियों की तस्करी में एक चैन की भूमिका निभाते थे।**

**सात आरोपियों में पुलिस आरक्षक और लैब टेक्नीशियन भी शामिल**

टाइगर फोर्स अब उन कड़ियों की भी तलाश कर रही है, जिनके लिए ये दोनों शासकीय कर्मचारी इस अवैध व्यापार में संलिप्त रहे। सभी आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टाइगर स्ट्राइक फोर्स टीएसएफ को सूचना मिली थी कि ढीमरखेड़ा के जंगल से शिकारी व तस्करों ने पेंगोलिन को पकड़ा है। उसे बेचने की तैयारी की जा रही हैं। टीएसफ के सहायक वन रक्षक राजा खरे, वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के राजेश शर्मा, प्रदीप तिवारी, रामकृष्ण दुबे ने संयुक्त कार्रवाई कर ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के गांव खमतरा में दी दबिश दी। टीम ने आरोपी रामलखन बर्मन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने साथियों के साथ पेंगोलिन पकड़ने की बात कबूल कर ली। आरोपी के पास से टीम ने जीवित पेंगोलिन सहित एक इलेक्ट्रानिक तराजू, ड्रम व एक मोटरसाइकिल जब्त की। इस मामले में खमतरा निवासी रामलखन बर्मन के साथ चम्मू सिंह, शंभू सिंह, सोनू सेन एवं संतोष बर्मन को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मोटरसाइकिल में 19.88 किलो का वन्य प्राणी लेकर गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों को बेचने जा रहा थे। आरोपियों से पूछताछ करते हुए विवेचना के दौरान पता चला कि अंतराष्ट्रीय बाजार में जीवित पेंगोलिन की कीमत 50 लाख रुपए है। बताया जाता है कि दबिश के दौरान स्टेट टाइगर फोर्स के सदस्य सादे कपड़े में रहे, जिससे आरोपियों को इनके आने की भी भनक नहीं लगी। स्थानीय अधिकारियों से मिले इनपुट के आधार पर सीधे आरोपी को ही टीम ने धर-दबोचा। गौरतलब है कि पेंगोलिन तस्करी के मामले में अभी तक बरही और बड़वारा क्षेत्र में ही तस्करों का फोकस होता था। यहां पर वन विभाग ने सख्ती बरती और आरोपियों को पकड़ा तो इसके बाद तस्कर ढीमरखेड़ा क्षेत्र में पहुंच गए। इस संबंध में वन विभाग को लगातार जानकारी मिल रही थी।



# बरही में रिश्वत लेते पकड़ा गया सहायक राजस्व निरीक्षक

### पीएम आवास में पत्नी का नाम जोड़ने मांगी थी रिश्वत

**कटनी, यशभारत।** लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने बुधवार को नगर परिषद बरही के सहायक राजस्व निरीक्षक अक्षय जोशी को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सहायक राजस्व निरीक्षक ने एक हितग्राही का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में जोड़ने के बदले में 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। पहली किश्त 12 हजार रुपए लेते लोकायुक्त की टीम ने उसे आफिस में ही दबोच लिया। लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि बरही के छिंदिया टोला निवासी भीम प्रसाद कचेर ने अपनी पत्नी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में जुड़वाने के लिए नगर परिषद बरही गया था, जहां नाम जोड़ने के बदले में बरही नगर परिषद में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक अक्षय जोशी ने 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत भीम प्रसाद कचेर ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त से की थी। इसके बाद सहायक राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई गई। योजना के अनुसार बुधवार को बरही नगर परिषद में शिकायतकर्ता भीम प्रसाद कचेर से जैसे ही सहायक राजस्व निरीक्षक ने रिश्वत की पहली किस्त 12 हजार रुपए लिए, तभी लोकायुक्त की टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान सहायक राजस्व निरीक्षक से रिश्वत के 12 हजार रुपए जब्त किए। सहायक राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ा गया। कार्रवाई लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े के नेतृत्व में की गई। इस दौरान निरीक्षक स्वप्निल दास, नरेश बेहरा सहित ट्रैप दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे। डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि शिकायतकर्ता भीम कचेर ने नगर परिषद बरही में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत होने के संबंध में आवेदन किया था। आवास आवेदक भीम की पत्नी के नाम से स्वीकृत होना था। योजना के तहत आवास स्वीकृति के लिए कई दिनों से भीम कार्यालय के चक्कर काट रहा था। नगर परिषद में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक अक्षय जोशी का विभाग न होने के बाद भी दलाली कर रहा था।

# परचम कुशाई और फातिहा दुरूद के साथ पीरबाबा के सालाना उर्स का आगाज

## आज मिलाद शरीफ जलसा, कल निकलेगा चादर शरीफ का जुलूस, रात में होगा कव्वाली का प्रोग्राम





**कटनी, यशभारत।** हजरत इत्रशाह दाता पीरबाबा का सालाना उर्स कल 15 मार्च से शुरू हो गया। पांच दिवसीय उर्स के पहले दिन कल शाम 5 बजे परचम कुशाई और फातिहा दुरूद के साथ उर्स का शुभारंभ हुआ। आज 16 मार्च को मिलाद शरीफ जलसा का आयोजन किया गया है, जिसमे बरेली उत्तरप्रदेश शरीफ से हजरत सैयद शोयब मिया, मुफ्ती इमरान रजा बिहार, हजरत अल्लाम मौलाना मो शाहीद रजा, मुफ्ती डॉ हमीद अहमद सिद्दकी पीरबाबा की शान में तकरीर पेश करेंगे। इसी कड़ी में 17 मार्च को चादर शरीफ का जुलूस निकलेगा, जो कि आजाद टेंट हाउस से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, मिशन चौक होते हुए पीरबाबा में हजरत इत्रशाह दाता को चादर पेश की जायेगी। पांच दिवसीय उर्स की तैयारियों को लेकर कल पीरबाबा में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे गुलाम ख्वाजा नियाजी गुज्जू भाई, पीरबाबा उर्स कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान, उर्स प्रभारी अजरूदीन अज्जू भाई ने बताया कि पीरबाबा का यह 97वां सालाना उर्स है। उर्स में पांच दिवसीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 17 मार्च को रात्रि 9 बजे से कब्बाल जुनैद सुल्तानी मुंबई, मतीन इत्र शाही पेश करेंगे। 18 मार्च को रात्रि 9 बजे पीरबाबा की शान में देश के प्रख्यात कब्बाल मुंबई के जुनैद सुल्तानी, अनीश नबाबए अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 19 मार्च को सुबह 9 बजे से महफिल ए समा रंग महफिल में अनीश नबाब गुजरात, मुंजतवा अजीज नाजा मुंबई अपने कलाम पेश करेंगे। भव्य लंगर के साथ उर्स का समापन होगा। कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान ने बताया कि उर्स में गृहस्थ संत डॉ अनिल त्रिपाठी, हजरत ताज बाबा कमेटी के चेयरमैन जनाब प्यारे खान और जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे। पत्रकारवार्ता में अजरुदीन अज्जू भाई, आरिफ तनवीर, हाजी हावीव, इरफान खान, रफीक खान, वसीम काजी, सोनू मंसूरी, गुलाम सजिद, शोयब खान, छुटकू खान, महफूज भाई सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पीरबाबा का उर्स लगभग 96 साल से कौमी एकता की मिशाल पेश करता आ रहा है। बाबा की दरगाह के सामने राम मंदिर भी है, जहां दोनो धर्मो के लोगों का प्रतिदिन आना जाना होता है। बाबा के उर्स के चलते उर्स कमेटी द्वारा मंदिर में भी साज सज्जा की गई हैं। उर्स में सभी धर्मों के लोग बढ़ चढ़कर का हिस्सा लेते रहे है।

# बरही के पथरहटा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में संघर्ष, आधा दर्जन घायल

### दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**बरही, यशभारत।** बरही थाना क्षेत्र के पारिहटा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मारपीट में दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है, जिसे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रिफ कर दिया है। जानकारी के अनुसार पथरहटा निवासी चंदीदीन काछी, राजकुमार काछी, सिया बाई काछी, छोटे लाल काछी, शिवकुमार काछी, राम सुजान काछी, दीपक काछी के साथ गांव के ही गोकुल काछी, राकेश कुमार काछी, मुकेश कुमार काछी, तीरथ काछी, कालूराम काछी, अच्छेलाल काछी, भगवानदास काछी सहित अन्य लोगों ने मिलकर पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडा, लात-घूंसा से मारपीट की। दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें चंदीदीन काछी, राजेंद्र काछी के सिर पर लाठी से जोरदार हमला कर दिया गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। लोगों को मदद से बरही अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। वहीं मामले की सूचना पीड़ितों ने बरही थाना में दी है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।



# मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुरवारी में खेत में लगे एक निजी कंपनी के टॉवर से सोमवार को अज्ञात चोरों ने बैटरियां चोरी कर ली। जांच के दौरान जबलपुर जिले की गोसलपुर पुलिस ने नेशनल हाईवे में मोहतरा गांव के पास सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 04 बीसी 4743 में टॉवर की 18 बैटरियों को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक उमरियापान थाना क्षेत्र के हरदी निवासी योगेश दीक्षित 40 वर्ष, अमकुही निवासी अनीश कोल 19 वर्ष और जबलपुर के अमखेरा निवासी मोहम्मद साजिद उर्फ मोनू 24 वर्ष ने सोमवार की रात को मुरवारी में लगे टॉवर से 18 बैटरियां चुराई थी। कार से तीनों आरोपी बैटरियां बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने कार सहित बैटरियों को जब्त कर तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि जब्त की बैटरियां की कीमत करीब 90 हजार रुपए है। जबकि बैटरियां लेकर जा रही कार की कीमत दो लाख रुपए है।

### सिलौंड़ी में चोरी से हड़कम्प

**कटनी, यशभारत।** सिलौंड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत बीती रात अमहेटा रोड पर लगे जियो टॉवर की 24 बैटरियां अज्ञात चोरों ने पार कर दी। बैटरी चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

**JOB OPENING**
**Requirement/Skills**
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address-** Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
**Contact-** Ayush Jain
Mo. 8989020207

**REQUIREMENT**
We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.
Salay- 10000/-
Contact no. 9425465227







सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

**आवश्यकता है**
अनुभवी, योग्य, नर्सिंग महिला स्टाफ की। कंप्यूटर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता। सैलरी योग्यतानुसार। **पता - डॉक्टर एस. के. शर्मा,** सीआरएम क्लीनिक बिहारी सोनी मार्केट आजाद चौक, कटनी। मिलने का समय- शाम 3 से 4.30 बजे,
**संपर्क- 9425158548**

**डॉ. कनिका अग्रवाल**
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
**देवपद**
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



SGAT
**शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स**
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.),
मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
**डॉ. अशोक चौदहा**
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375






प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
• एंजियोग्राफी • एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर • वाल्व प्रकिया
• बायपास
डॉ. अखिलेश दुबे
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उखरी रोड, विजय नगर, जबलपुर
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
6232571740, 7489927249

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)